रोहतक
सोमवार, 25 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 27, अंक : 333
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 23.6
न्यून. 6.5




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को देशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी और आशा व्यक्त की कि हर कोई दया और करुणा की भावना को फिर से जागृत करेगा। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्योहार प्रेम और करुणा का संदेश देता है। *एजेंसी*

### दिल्ली मेट्रो ने परिचालन के 21 वर्ष पूरे किए



**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली मेट्रो के परिचालन की शुरुआत दिसंबर 2002 में 8.4 किलोमीटर की छोटी लाइन के साथ हुई थी, लेकिन इसने कई उपलब्धियों को हासिल करते हुए रविवार को परिचालन के 21 वर्ष पूरे कर लिये। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने कहा कि मेट्रो का नेटवर्क आज 393 किलोमीटर तक है। *एजेंसी*

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़, तीन नक्सली मार गिराए

**दंतेवाड़ा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। कटेकल्याण थाना क्षेत्र के अंतर्गत डब्बाकुन्ना गांव के पास एक पहाड़ी पर शाम करीब साढ़े पांच बजे उस समय मुठभेड़ हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। राज्य पुलिस की जिला रिजर्व गार्ड और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने दंतेवाड़ा-सुकमा अंतर-जिला सीमा पर अभियान चलाया। *एजेंसी*



### देश में कोरोना से एक और मौत, 707 नए केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण एक बार फिर पांव पसारने लगा है। केरल में रविवार को कोरोना से एक और मौत हुई। राज्य में पिछले 4 दिनों के दौरान 7 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटे में यहां 425 नए मामले सामने आए हैं। देशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान 707 केस मिले हैं। एक्टिव मामलों की संख्या 3 हजार 742 हो गई है। 24 घंटे में 333 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। केरल में 296 लोग ठीक हुए हैं। उधर, अमृतसर में लंदन से आई एक 60 साल की महिला कोरोना संक्रमित मिली है। महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना के 50 नए मामले सामने आए, जिसमें 9 केस जेएन.1 वैरिएंट के हैं। इसके साथ ही राज्य में नए वैरिएंट के मामलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

## खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला, ग्यारह महीने से चल रहा विवाद

# नियमों का पालन नहीं करने पर डब्ल्यूएफआई निलंबित

**तीन दिन पहले ही हुआ था कुश्ती संघ का चुनाव**
**संजय सिंह बने थे अध्यक्ष**

- मंत्रालय ने कहा, नई संस्था पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण' में
- यह राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं
- महासंघ को बर्खास्त नहीं किया, अगले आदेश तक निलंबित किया गया
- खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ को कुश्ती संघ का कामकाज देखने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले 11 महीनों से विवादों में घिरी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नई बॉडी को खेल मंत्रालय ने अगले आदेश तक निलंबित कर दिया। 3 दिन पहले 21 दिसंबर को ही डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह नए अध्यक्ष बने थे। नए अध्यक्ष की जीत के बाद डब्ल्यूएफआई ने 28 दिसंबर से उत्तर प्रदेश के गोंडा में जूनियर नेशनल चैंपियनशिप टूर्नामेंट करने की घोषणा की थी। गोंडा भाजपा सांसद बृजभूषण का संसदीय क्षेत्र है। महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय के डब्ल्यूएफआई की नई टीम पर कार्रवाई के पीछे इसी को वजह माना जा रहा है। खेल मंत्रालय के इस फैसले पर पहलवानों ने खुशी जताई है। साक्षी मलिक की मां कृष्णा मलिक ने कहा कि मेरी बेटी कुश्ती से संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार करेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री के घर के बाहर फुटपाथ पर पद्मश्री रखकर आए पहलवान बजरंग पुनिया ने भी सम्मान वापस लेने की बात कही है।

### मेरा अब कुश्ती से कोई लेना देना नहीं : बृजभूषण



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि उनका अब इस खेल से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव भी शामिल हैं। बृजभूषण ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मेरी अन्य जिम्मेदारियां भी हैं, जिन पर मुझे ध्यान देना है। मैं अब इस खेल की राजनीति से दूर रहूंगा।'

### निलंबन रद करने की मांग करेंगे :संजय सिंह



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि वह सरकार को अपनी स्थिति के बारे में बताकर निलंबन रद करने की मांग करेंगे कि उन्होंने फैसले करते समय किसी तरह से नियमों का उल्लंघन नहीं किया है और अगर मामले का समाधान नहीं होता तो वे कानूनी विकल्प भी तलाश कर सकते हैं। उन्होंने कहा,''हम सरकार को बताएंगे कि हमने निर्णय करते समय नियमों का पालन किया है। हम सबूत पेश करेंगे। जो भी फैसले किए गए वह सर्वसम्मति से किए गए।

### खेल मंत्रालय ने तदर्थ समिति का गठन करने को कहा

इस पूरे विवाद के बीच खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) को डब्ल्यूएफआई का कामकाज देखने के लिए तदर्थ समिति गठित करने का अनुरोध किया है। खेल मंत्रालय ने आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा को पत्र लिखकर कहा है कि डब्ल्यूएफआई के मामलों को नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड के मुताबिक नियंत्रित किया जाए। अगले आदेश तक आईओए खिलाड़ियों की एंट्रीज, सिलेक्शन, इंटरनेशनल इवेंट्स और स्पोर्ट्स एक्टिविटी सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी निभाए। मंत्रालय ने आगे कहा कि रेसलिंग ओलिंपिक स्पोर्ट है और फेडरेशन आईओए का मेंबर है। डब्ल्यूएफआई के पूर्व पदाधिकारियों का अब भी कंट्रोल होने की वजह से फेडरेशन में गंभीर चिंता पैदा हो गई है। इस कारण आईओए को एडहॉक कमेटी बनाने के लिए कहा गया है।



### बढ़िया फैसला : महावीर फोगाट

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता महावीर फोगाट ने कहा कि यह बहुत बढ़िया फैसला है। महिला पहलवान गीता और बबीता के पिता फोगाट ने कहा कि इससे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा। चुनाव से पहले ही दिख रहा था कि ये होगा और हुआ भी वही, लेकिन अब सरकार ने जो फैसला लिया है, वो बिल्कुल ठीक है।'



### यह सही निर्णय : बजरंग

भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित करने पर बजरंग पूनिया ने कहा कि यह सही निर्णय लिया गया है। बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है। ऐसे लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। मैं पद्मश्री पुरस्कार वापस नहीं लूंगा। न्याय मिलने पर ही इसके बारे में सोचूंगा।



### पहला अच्छा कदम : साक्षी

साक्षी मलिक ने कहा कि यह कुछ अच्छा होने की दिशा में पहला कदम है। मुझे उम्मीद है कि सरकार समझेगी कि हम किस उद्देश्य के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। महासंघ की अध्यक्ष कोई महिला होती तो यह अच्छा होता। यह देश की बहनों और बेटियों की लड़ाई है। कुश्ती में वापस लौटने के बारे में सोचूंगी।



## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में आतंकी हमला

# अजान दे रहे रिटायर्ड एसएसपी को मारी गोली

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के बारामूला में रविवार सुबह आतंकियों ने एक रिटायर्ड एसएसपी मोहम्मद शफी की गोली मारकर हत्या कर दी। शफी गांटामूला शीरी मस्जिद में सुबह की अजान दे रहे थे। उसी दौरान आतंकियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। मोहम्मद शफी के भाई ने बताया कि उन्हें 4 गोलियां लगी थी। कश्मीर जोन पुलिस ने सुबह 8:30 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा- आतंकवादियों ने बारामूला में एक रिटायर्ड पुलिस अफसर मोहम्मद शफी पर मस्जिद में नमाज पढ़ते समय गोलीबारी की और उनकी मौत हो गई। इलाके में सर्चिंग जारी है। मोहम्मद शफी के भाई मोहम्मद मीर ने कहा- शफी 2012 में रिटायर्ड हुए थे। सुबह वो नमाज पढ़ते समय अचानक रुक गए। शुरू में मुझे लगा की माइक खराब हो गया होगा। लेकिन बाद में पता चला कि उन्हें 4 गोलियां मारी गई हैं।

### पिछले 4 दिनों में तीसरी बड़ी आतंकी वारदात

जम्मू-कश्मीर में पिछले 4 दिनों में यह तीसरी बड़ी आतंकी वारदात है। इससे पहले 21 दिसंबर को राजौरी में आतंकियों ने सेना के काफिले पर हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। 23 दिसंबर को आतंकियों ने अखनूर में घुसपैठ की कोशिश की थी। सुरक्षाबलों की गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया था।

### जम्मू में एलओसी के पास ड्रोन से गिराए गए हथियार, 35,000 की नकदी जब्त



**जम्मू।** जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार को सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान के दौरान ड्रोन से गिराए गए हथियारों और नकदी के दो पैकेट जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विध्वंसक गतिविधियों के लिए संबंधित पैकेट पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराए गए जो सुबह करीब आठ बजे खौर क्षेत्र के चन्नी दीवानो गांव में एक खुले मैदान में पड़े देखे गए। अधिकारियों ने कहा कि सेना और पुलिस ने तुरंत एक संयुक्त अभियान चलाया तथा बम निरोधक दस्ते की मदद से पैकेट खोले गए, जिनसे हथियार और नकदी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामदगी में नौ एमएम की इटली निर्मित एक पिस्तौल, तीन मैगजीन, 30 कारतूस, तीन आईईडी, तीन आईईडी बैटरी, एक हथगोला और 35,000 रुपये नकद शामिल हैं। यह बरामदगी सेना के जवानों द्वारा अखनूर सेक्टर में एक आतंकवादी को मार गिराए जाने के एक दिन बाद हुई है।

## एचटेट : बोर्ड ने 1308 परीक्षार्थियों को दी राहत

**चार प्रश्नों का उत्तर ऑप्शन 1 के साथ 3 को भी सही माना**
**जिन परीक्षार्थियों ने ऑप्शन 3 भरा था, उन्हें मिला फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2023 एचटेट का परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर को घोषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एचटेट लेवल-2 परीक्षा के सभी 12 विषयों के प्रश्न पत्रों में सेट ए के प्रश्न संख्या 77, सेट बीके प्रश्न संख्या 61, सेट सी के प्रश्न संख्या 73 व सेट डी के प्रश्न संख्या 63 का फाइन उत्तरकुंजी में विकल्प-1 उत्तर निर्धारित था। उन्होंने बताया कि कुछ परीक्षार्थियों से इस प्रश्न के संदर्भ में आपत्ति शिक्षा बोर्ड कार्यालय में प्राप्त हुई, जिसके कारण वर्णित प्रश्न का विषय विशेषज्ञों की समिति से पुनः परीक्षण करवाया गया। विषय विशेषज्ञों की राय अनुसार वर्णित प्रश्न के विकल्प 1 के साथ-साथ विकल्प 3 भी सही उत्तर पाया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों के हित में वर्णित प्रश्न के विकल्प-1 के साथ विकल्प 3 को भी सही मानते हुए संबंधित परीक्षार्थियों को जिनके द्वारा विकल्प-3 को उत्तर मानते हुए गोला भरा था, को लाभ देने का निर्णय लिया गया है। बोर्ड के इस निर्णय से 1308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन 1308 परीक्षार्थियों का परिणाम बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होने उपरान्त घोषित किया जाएगा। ऐसे सभी परीक्षार्थियों को बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन के लिए उपस्थित होने बारे सूचना व शेड्यूल शीघ्र ही जारी किय जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी परिणाम नवीनतम जानकारी व अपडेट के लिए बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर नियमित अवलोकन करते रहें, ताकि किसी भी महत्वपूर्ण व अति आवश्यक जानकारी व सूचना से वंचित न रहे।



### सेना ने दिए पुंछ में 3 नागरिकों की मौत की जांच के आदेश

**नई दिल्ली (भाषा)।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तीन नागरिकों की मौत की गहन आंतरिक जांच के आदेश दिये हैं। इस मामले से परिचित लोगों ने रविवार को यह जानकारी दी। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि इन तीन लोगों की सेना की हिरासत में मौत हुई है। पुंछ में 21 दिसंबर को अज्ञात आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में सेना के चार जवानों की हत्या के मद्देनजर सेना ने कथित तौर पर तीन नागरिकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया था। यह तीनों नागरिक 22 दिसंबर को मृत पाए गए थे। इन लोगों के रिश्तेदारों और नेताओं ने आरोप लगाया है कि तीनों की मौत हिरासत में यातना के कारण हुई। सेना ने इस हमले के सिलसिले में आठ लोगों को अपनी हिरासत में लिया था। इस मामले से परिचित लोगों ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में नागरिकों की मौत की गहन जांच का आदेश दिया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस भी नागरिकों की मौतों की जांच कर रही है। सेना ने शनिवार को कहा कि वह जांच जारी रखने में पूर्ण रूप से समर्थन और सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**आतंकी हमले के बाद पूछताछ के लिए किया था गिरफ्तार**

### बांके बिहारी मंदिर में कतार में लगीं 2 महिलाओं की मौत

**मथुरा।** यूपी के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में रविवार को 2 महिलाओं की मौत हो गई। वे मंदिर में बांके बिहारी के दर्शन के लिए लाइन में लगी थीं। पुलिस के मुताबिक दोनों महिलाएं बीमार थीं। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम करवाए ही उनके शव ले गए, जिसकी वजह से मौत की वजह पता नहीं चल पाई।

## सेना से रिटायर होने के बाद चला रहा था रैकेट

# सेना भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रोनिक डिवाइस से नकल करवाने वाला मास्टरमाइंड काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सेना में ग्रुप सी की भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए नकल करवाने के मामले में पुलिस ने दो नए आरोपियों को काबू किया है। इनमें एक आरोपी सुशील कुमार पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। कुछ साल पहले सेना से रिटायर होने के बाद सुशील नकल के रैकेट को चला रहा था। पता चला है कि जींद से बैठकर ही वह अंबाला में चल रही भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए नकल करवा रहा था। अब तक की पूछताछ में यह बात भी सामने आई है कि सुशील परीक्षार्थियों को ऐसे लोग भी उपलब्ध करवाता था जोकि उनकी जगह परीक्षा देते थे। गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी सुशील को पांच दिन के रिमांड पर लिया है जबकि दूसरे आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अभी तक पुलिस 19 आरोपियों को काबू कर चुकी है। पकड़े गए आरोपियों पर अंबाला छावनी के खड़गा स्टेडियम में चल रही सेना की ग्रुप-सी की परीक्षा में एक दूसरे के स्थान पर इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए नकल करवाने के आरोप में अब जिला जींद के गांव खेड़ी भूल्ला के सुशील कुमार व बराखुर्द के अजीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

- जांच के दौरान पकड़े गए दूसरे आरोपी को जेल भेजा
- अब तक मामले मे 19 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

### आरोपी सुशील पांच दिन के रिमांड पर, अजीत सिंह को भेजा जेल

पुलिस ने इस मामले में अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुशील को पांच दिन के रिमांड पर लिया है जबकि अजीत सिंह को जेल भेज दिया गया है। मामले की शिकायत सेना के सूबेदार अखिलेश्वर कुमार ने 21 दिसंबर 2023 को दी थी। शिकायत में सूबेदार ने बताया था कि आरोपी चैब सिंह, संदीप, सचिन कुमार, सोनू, मंदीप, साहिल, कर्ण, सांग सिंह, ऋषिकेश सिंह, सागर, अंकुश, अमन, मनोज, निखिल, अमित, रोबिन व अमन ने सेना की विभिन्न स्तर की आयोजित परीक्षा में एक दूसरे के स्थान पर इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए धोखे से नकल करने का अपराधिक कार्य किया है। सेना की ओर से मौके पर ही 17 आरोपी नकल करते पकड़े गए थे। इन आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कई इलेक्ट्रोनिक डिवाइस भी जब्त की थी। इसके बाद सभी आरोपी पुलिस के हवाले कर दिए गए।

### परीक्षार्थी के जगह दूसरे से दिलवाता था परीक्षा

शुरूआती पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने पूरे फर्जीवाड़े में जींद के सुशील कुमार व अजीत सिंह के भी शामिल होने की बात कही थी। इसी आधार पर पुलिस ने इन आरोपियों को भी काबू कर लिया। एसएचओ नरेश कुमार ने बताया कि सुशील कुमार ही इस फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड है। वह सेना से रिटायर होने के बाद इस गौरखधंधे में आ गया। अब तक की पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सेना से जुड़ी परीक्षाओं को पास करवाने के लिए वे लोग भी उपलब्ध करवाता था जोकि परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने जाते थे। अंबाला में चल रही सेना में भर्ती परीक्षा के प्रश्नों को सुशील जींद में बैठकर सॉल्व करवा रहा था। मामले से जुड़े ठोस सबूतों को जुटाने के लिए अब पुलिस दूसरे पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस की मानें तो इस मामले में अभी कई लोगों की गिरफ्तारी होनी है।

## आईआईटी बॉम्बे को पूर्व छात्रों ने डोनेट किए 57 करोड़ रुपये

**जरूरतमंद छात्रों के लिए स्कॉलरशिप भी की जाएगी शुरू**

**हॉस्टल सुधारने और एआई लैब स्थापित करने में किया जाएगा इस्तेमाल**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईआईटी बॉम्बे को पूर्व छात्रों ने डोनेट किए 57 करोड़ रुपये हैं। ये पैसे रजत जयंती पुनर्मिलन समारोह के मौके पर दिए गए। इसके लिए 1998 बैच के 200 से ज्यादा पूर्व छात्रों ने रकम इकट्ठा की थी। आईआईटी में इस पैसे का इस्तेमाल हॉस्टल को सुधारने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैब स्थापित करने में किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद छात्रों के लिए स्कॉलरशिप भी शुरू की जाएगी। आईआईटी बॉम्बे को किसी पूर्व बैच से मिली यह सबसे बड़ी रकम है। इससे पहले 1971 बैच के स्टूडेंट्स ने संस्थान को 41 करोड़ रुपए दिए थे।

आईआईटी बॉम्बे के डायरेक्टर प्रोफेसर सुभाशीष चौधरी ने कहा- मैं उनकी उदारता के लिए 1998 बैच का आभारी हूं। यह फंड आईआईटी के विकास में मदद करेगा। प्रो. चौधरी ने कहा कि इस फंड से छात्रों के लिए टिकाऊ और इकोफ्रेंडली हॉस्टल, मेकरस्पेस लैब बनाई जाएगी। यह फंड अपनी तरह का पहला बंदोबस्ती कोष बनाने के लिए भी इस्तेमाल होगा। डोनेटर्स में से एक अपूर्व सक्सेना ने कहा- हमने सुझाव दिया है कि ये फंड अगले तीन से चार साल में दिया जाएगा।



### दान करने वालों में ये पूर्व छात्र रहे शामिल

पैसा इकट्ठा करने वालों में अपूर्व सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, दिलीप जॉर्ज, श्रीकांत शेट्टी, संदीप जोशी, मोहन लाखमराजू, अनुपम बनर्जी और विशाल शाह शामिल हैं। हालांकि किसने कितना पैसा दिया, यह बताया नहीं गया। सक्सेना ने कहा- व्यक्ति गुमनाम रहना चाहता है लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि कोई भी योगदान कुल योगदान के आधे से ज्यादा नहीं है।

**बढ़ेगी ताकत** भारतीय नौसेना का पहला वॉरशिप जिसका नाम नॉर्थ-ईस्ट से जुड़ा

# ब्रह्मोस और आधुनिक हथियारों से लैस आईएनएस इंफाल कल होगा सेना में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच भारतीय नौसेना अपनी समुद्री क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आईएनएस इंफाल को 26 दिसंबर को कमीशन करने जा रही है। आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशन किया जाएगा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। इसके बाद वॉरशिप पश्चिमी नौसेना कमान में शामिल हो जाएगा। इस वॉरशिप को बंदरगाह और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इंफाल पहला वॉरशिप है, जिसका नाम नॉर्थ ईस्ट के एक शहर पर रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी दी थी।

### ये है खूबियां

यह डिस्ट्रॉयर वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस, एंटीशिप सेंसर्ड मिसाइल, आधुनिक हथियारों, सर्विलांस रडार, 76 एमएम रैपिड माउंट गन, एंटी सबमरीन और टॉरपीडो से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इंफाल को बनाया है।



### सबसे कम समय में बनकर तैयार

इंफाल के बनाने और उसके टेस्टिंग में लगा समय किसी भी जहाज के बनने में लगा सबसे कम वक्त है। इंफाल की आधारशिला 19 मई 2017 को रखी गई थी और जहाज को 20 अप्रैल 2019 को पानी में उतारा गया था। इंफाल 28 अप्रैल 2023 को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना हुआ था। छह महीने की रिकॉर्ड समय सीमा के भीतर 20 अक्टूबर 2023 को इसकी डिलीवरी हो गई। इसके पहले भारतीय नौसेना में प्रोजेक्ट 15बी के तहत बने आईएनएस विशाखापट्टनम को 21 नवंबर 2021 और आईएनएस मरमुगाओ को 18 दिसंबर 2022 को कमीशन किया गया था।

**75% हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी**

इसके निर्माण में स्वदेशी स्टील डीएमआर 249ए का इस्तेमाल किया गया है, यानी इसका 75% हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी है। आईएनएस इंफाल विशाखापत्तनम कैटेगरी के 4 डिस्ट्रॉयर वॉरशिप में से तीसरा है, जिसे भारतीय नौसेना के इन-हाउस ऑर्गनाइजेशन वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। आईएनएस इंफाल को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मणिपुर के बलिदान और योगदान के लिए श्रद्धांजलि कहा गया है। चाहे वह 1891 का एंग्लो-मणिपुर युद्ध हो या फिर 14 अप्रैल 1944 को मोइरांग वॉर, जिसमें पहली बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आईएनएस का झंडा फहराया था।

**खबर संक्षेप**

### जजपा ने पूर्व सैनिक सेल का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 76 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद पूर्व सैनिक सेल में 76 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। इनमें अंबाला सिटी में कप्तान अमृत पाल सिंह, अंबाला कैंट में सूबेदार रघुबीर सिंह, नारायणगढ़ में बलवीर, मुलाना में नरेश कुमार, भिवानी में हवलदार दिलबाग सिंह, बवानी खेड़ा में हवलदार धर्मेंद्र सिंह, तोशाम में हवलदार धर्मपाल यादव, लोहारू में सूबेदार राजेश कुमार व अन्य जिलों में भी नियुक्तियां की गई।

### दोदवा इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत कर्मचारी प्रकोष्ठ में नियुक्तियां की। कर्मचारी प्रकोष्ठ में 62 लोगों को जगह दी गई है। इनेलो पार्टी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की। प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि पार्टी में नई नियुक्तियां करने से पार्टी संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा कि बलवान सिंह दोदवा को कर्मचारी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

### सुशासन दिवस पर कर्मचारी सम्मानित होंगे

**पंचकूला।** अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खनगवाल ने बताया कि रेड बिशप के कन्वेंशन हाल में 25 दिसंबर को राज्य स्तरीय सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुशासन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खनगवाल ने आज राज्य स्तरीय सुशासन दिवस की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### श्री श्याम फाउंडेशन ने लगाया भंडारा

**पंचकूला।** अन्न दान करने की प्रवृत्ति हर व्यक्ति को अपने अंदर संजोय रखनी चाहिए या यूं कहें कि प्रत्येक व्यक्ति विशेष को अन्न दान को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिए। इससे उसे एक अच्छी अनुभूति महसूस होगी, और वह दूसरों को भी भलीभांति जागरूक कर पाने में सक्षम होगा। यह बात समाज सेवी व श्री श्याम करुणा फाउंडेशन के संचालक अमिताभ रुंगटा ने कही। इस मौके पर भंडारा भी लगाया गया।

### पारदर्शी तरीके से दिया जा रहा योजनाओं का लाभ



**गुरुग्राम/ चंडीगढ़ ।** सरकार की गरीब कल्याण नीतियों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु मदनपुरी गली नंबर 3 स्थित हनुमान मंदिर में लगाए गए कैंप में दो दिन में लगभग एक हजार लोगों ने लाभ उठाया। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा के निवेदन और मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव की पहल पर लगे इस कैंप में पात्र परिवारों के पीले राशन कार्ड बनाने के साथ-साथ प्रोपर्टी आईडी और पीपीपी संबंधित समस्याओं को भी हल किया गया।

### कोरोना से निपटने को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**चंडीगढ़।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से चौकस है और मॉकड्रिल कर सभी उपकरणों को चलाकर देखा गया है, आगे जैसे स्थिति होगी उसी के मुताबिक कोई आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विज रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रियंका गांधी को यूपी प्रभारी पद से पार्टी द्वारा हटाए जाने पर गृह मंत्री अनिल विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि इनकी पार्टी (कांग्रेस) को व इनके गठबंधन को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की ताकत का पता चल गया है इसलिए इन्हें हटाया गया है।

---

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भिवानी में अन्नदाता सम्मेलन में की शिरकत

# कांग्रेस ने किसानों को हमेशा कमजोर रखा, उन्हें कभी आगे बढ़ने नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मुख्यमंत्री ने उन्हें किया नमन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भी किसान हितैषी सरकार है और किसान व कृषि हमारी नीतियों के सदैव केंद्रीय बिंदु रहे हैं। किसानों के लिए हमारी सरकार ने निरंतर कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है। हमारी सरकार किसानों के हित में निर्णय लेती है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा किसानों को कमजोर करने का काम किया है और उन्हें हमेशा गुमराह कर उनका अहित किया है। मुख्यमंत्री रविवार को चौधरी चरण सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर जिला भिवानी के गांव सिंघानी में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वे 1982-84 के दौरान पार्टी के काम के कारण इस इलाके में भ्रमण करते थे, तो उस समय रास्तों पर रेत के पहाड़ उड़ कर आ जाते थे, लेकिन अब इस इलाके में टेल तक पानी पहुंचने, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली लागू होने से और यहां के किसानों की मेहनत के कारण इस इलाके की भूमि उपजाऊ हो गई है। अब यहां रेत के पहाड़ नहीं दिखते हैं। इसके लिए यहां कि अन्नदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, हर समय किसानों के लिए सोचते थे। सबको पता है कि चौधरी चरण सिंह कांग्रेस में गए। वे आजादी के बाद 20 साल लगातार कांग्रेस की सरकार में रहे। लेकिन किसानों को कांग्रेस ने हमेशा कमजोर करके रखा, उनको कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। परंतु 1967 में उन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया और किसानों के हित के लिए नई पार्टी बनाई। उन्होंने ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने 1971 में एक बार कहा था कि किसान जनगणना कराई जाए और जो छोटा व सीमांत किसान हैं, सभी योजनाएं उनके कल्याणार्थ बननी चाहिए। उस समय जो आकड़ा सामने आया था, उसके अनुसार छोटे किसान कुल किसानों का 51 प्रतिशत थे। आज छोटे किसानों की संख्या 51 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। इसलिए यह बड़ी चुनौती है कि किसानों की आय कैसे बढ़ाई जाए। इसके लिए हम सभी को मिल कर खेती करने का स्वभाव बनाना होगा। इस दिशा में सरकार की ओर से भी अथक प्रयास किए जा रहे हैं।



**भिवानी।** अन्नदाता सम्मेलन में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री व अन्य नेता।

### 112 करोड़ की परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए हैं। विकास कार्यों की दृष्टि से आज भी लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए 112 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। अभी तक के 9 साल के दौरान राज्य सरकार ने भिवानी जिले में विकासात्मक कार्यों के लिए 13,800 करोड़ रुपये मंजूर किये, जिसमें से 10,400 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं और शेष परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। इतना ही नहीं, अकेले लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 3927 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिनमें से अभी 2421 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं और 1500 करोड़ रुपये के कार्य पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई हैं, जिनका लाभ गांवों को मिल रहा है। अब किसान को किसी भी कार्य के लिए भटकने की जरूरत नहीं है। केवल मेरी फसल मेरा पोर्टल पर अपनी फसल का ब्यौरा दर्ज करवाना है, उसकी बिक्री की व्यवस्था सरकार करेगी और खरीद के बाद उसका पैसा सीधा किसानों के खातों में पहुंचता है।


### किसानों को जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को जागरूक होकर आगे बढ़ना सीखना चाहिए। जो लोग किसानों के साथ राजनीति करते हैं, उनको पहचाना चाहिए, ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। ऐसे लोग जो हर जगह जाकर किसानों का नाम लेकर धरना दते हैं, रास्ते रोकते हैं, इनसे सावधान रहना है। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि अधिकारियों से इनकी व्यवहार्यता का अध्ययन करवाया जाएगा और प्रक्रियानुसार सबको पूरा करेंगे।

---

# युवाओं को ठेकेदारी प्रथा से दिलाई मुक्ति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



- मुख्यमंत्री ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों से किया सीधा संवाद
- इजराइल, दुबई और यूनाइटेड किंगडम में मैनपावर भेजने के लिए सरकार ने मांगे आवेदन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने युवाओं को ठेकेदारी प्रथा से मुक्ति दिलाते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन किया है। इसके माध्यम से शैक्षणिक योग्यता, आय इत्यादि सहित विभिन्न मानदंडों पर पारदर्शी तरीके से नौकरी दी जा रही है और ईपीएफ, ईएसआई, लेबर वेलफेयर फंड आदि का भी लाभ दिया जा रहा है। पहले से अनुबंध आधार पर कार्यरत 1.08 लाख से अधिक मैनपावर को निगम में समायोजित किया गया है। इसके अलावा अनुबंध आधार पर 17,785 नए कर्मी भर्ती किए गए हैं।

मुख्यमंत्री रविवार यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में वर्तमान राज्य सरकार ने 1 लाख 10 हजार युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी है। साथ ही, आगामी 6 माह में 60 हजार और भर्तियां करने जा रही है। उन्होंने ने कहा कि ठेकेदारों के माध्यम से अनुबंध आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों को पूरा वेतन नहीं मिलता था। ईपीएफ, ईएसआई, लेबर वेलफेयर फंड आदि की सुविधा नहीं दी जाती थी। इस प्रकार की कई शिकायतें सरकार को मिलती थी और विभिन्न कर्मचारी संघों की मांग भी थी कि ठेकेदारी प्रथा को बंद किया जाए। कभी कभी तो ठेकेदारों और विभाग के बीच एक नैक्सस बन जाता था कि संख्या कुछ और बताई जाती थी जैसे कि 50 पदों की मंजूरी ली जाती थी और वेतन भी 50 पदों का ही जारी किया जाता था, लेकिन वास्तव में 40 या 45 को काम पर रखा जाता था। कभी-कभी तो नाम किसी का दिखाया जाता था और काम करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भेज दिया जाता था। उदाहरण के तौर पर रामचन्द्र का नाम बताया जाता था, लेकिन श्याम प्रसाद काम करता था और पैसे किया और मोहन प्रसाद को पैसे मिल गए। इस प्रकार सरकार को और व्यक्तियों को नुकसान होता था।

---

# प्रदेश के स्कूल और कॉलेजों की हालत बद से बदतर : डॉ. गुप्ता

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व वाली बदलाव यात्रा महेंद्रगढ़ से शुरू होकर कैथल में संपन्न

**चंडीगढ़।** प्रदेश में 15 दिसंबर से शुरू हुई आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान इसमें हजारों की संख्या में आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने हिस्सा लिया और प्रदेश की भ्रष्ट शासन व्यवस्था को बदलने का प्रण लिया।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद से शुरू हुई बदलाव यात्रा का समापन जींद में हुआ, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर के नेतृत्व वाली यात्रा का समापन सिरसा से शुरू होकर भिवानी में हुआ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व वाली बदलाव यात्रा महेंद्रगढ़ से शुरू होकर कैथल में संपन्न हुई, जबकि राष्ट्रीय ज्वाइंट सेक्रेटरी चौ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कालका से शुरू हुई बदलाव यात्रा का समापन पानीपत में हुआ। अनुराग ढांडा के साथ पंजाब के कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जोड़ामाजरा और चित्रा सरवारा के साथ विधायक गुरलाल घनौर मौजूद रहे।



### प्रदेश में शिक्षा की स्थिति लगातार खराब हो रही

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार देश में उच्च शिक्षा का बेड़ा गर्क करने पर तुली हुई है। नई शिक्षा नीति को लागू करने की आड़ में देश के नामचीन उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। इसलिए ही केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी व आईआईएम सरीखे संस्थानों में पढ़ाई के लिए जरूरी फैकेल्टी तक के हजारों पद खाली हैं, जबकि नॉन टीचिंग स्टाफ के खाली पदों का तो ब्यौरा भी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। इससे केंद्र सरकार के पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया के नारे की पोल खोल खुल गई है। देशभर के सभी 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के कुल 11 हजार से भी अधिक पद खाली हैं। जिन उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के पद खाली हैं।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 20 लाख से ज्यादा कर चुके भागीदारी

**चंडीगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा के जन - जन तक पहुँच रही है। प्रदेश में इस यात्रा ने हर गांव और हर नगर का दरवाज़ा खटखटाया है और नागरिकों द्वारा इस यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया जा रहा है। यह यात्रा एक एक व्यक्ति तक समस्याओं का समाधान लेकर चली है और अपने लक्ष्य को हासिल कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार, प्रसार करने के साथ साथ उन्हें नागरिकों के घर द्वारे तक लेकर आई है। गांवों और नगरों के लोग जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर रहे हैं जिससे उनकी हर समस्या को मौके पर ही सुलझाया जा रहा है। इस दौरान अब तक दो लाख से अधिक लोगों को निरोगी हरियाणा के अंतर्गत जांचा जा चुका है। करीब 99 हज़ार लोगों ने परिवार पहचान पत्र के लिए आवेदन किया है और 19 हज़ार दे अधिक स्वामित्व कार्ड बांटे जा चुके हैं। ढाई लाख से अधिक लोगों को टीबी के लिए जांचा जा चुका है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस यात्रा की प्रोग्रेस रिपोर्ट स्वयं देख रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारी लगातार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संपर्क में हैं। सभी 22 जिलों के गांवों और नगरों में जैसे विकसित भारत स्वप्न की ब्यार चल पड़ी है। यात्रा में अब तक 20 लाख से ज्यादा लोग भागीदारी कर चुके है।



---

### दीनबन्धु की जयंती पर होगी राष्ट्रीय स्तर की सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता

**चंडीगढ़।** किसान मसीहा दीनबन्धु चौधरी छोटूराम की जयंती के अवसर पर इस बार 4-5 फरवरी 2024 को पंचकूला में राष्ट्रीय स्तर की सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी , जिसमे देशभर से नामी कबड्डी टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। यह जानकारी जाट सभा पंचकूला/चंडीगढ़ के प्रधान डॉ. महेंद्र सिंह मलिक ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को सभा की कार्यकारिणी में निर्णय लिया गया है कि इस बार चौधरी छोटूराम की 143 वीं जयंती के अवसर पर प्रथम चौधरी छोटूराम मैमोरियल राष्ट्रीय सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाए। यह प्रतियोगिता चार व पांच फरवरी को दो दिवसीय होगी।मलिक ने कहा की कबड्डी हमारा परम्परागत खेल है और ग्रामीण आंचल का यह सबसे पसंदीदा खेल रहा है ।

### प्लास्टिक के बोरे में मिला महिला का शव

- शव की नहीं हो पाई पहचान
- पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**गुरुग्राम।** दिल्ली -जयपुर हाइवे पर मानेसर से आगे सहरावन गांव के पास नाले में एक महिला का शव प्लास्टिक के बोरे में बंद मिला। पुलिस ने सूचना के बाद महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस में रखवा दिया है। वहीं शाम तक महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई। वहीं महिला ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मानेसर थाना क्षेत्र के गांव सहरावन के नजदीक रविवार सुबह नाले से महिला का शव होने की सूचना मिली थी। महिला का शव प्लास्टिक के बोरे में बंधा मिला। रविवार शाम तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। महिला की उम्र 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। गांव सहरावन के सरपंच संजय ने सुबह पुलिस को सूचना दी थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में शव पर चोट के निशान नहीं पाए गए। मानेसर थाना पुलिस ने महिला की हत्या के बाद शव को बोरे में बांधकर यहां फेंके जाने की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एटीएम तोड़ने का प्रयास दो आरोपित गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** न्यू कालोनी में एटीएम तोड़ने के प्रयास का मामला सामने आया है। देर रात दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं न्यू कालोनी थाना पुलिस का कहना है कि उनकी टीम देर रात गस्त पर थी। तभी आइसीआइसीआइ बैंक के एटीएम का शटर उठा हुआ दिखाई दिया। जब टीम एटीएम बूथ में अंदर पहुंची तो दो लोग खड़े मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सोहना के वार्ड आठ निवासी हिमांशु व नूंह के कुरथला गांव निवासी दीपक के रूप में हुई। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि दोनों एटीएम तोडने का प्रयास कर रहे थे।

### रंजिश में जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** भोंडसी थाना क्षेत्र के हरियाहेड़ा गांव में पुरानी रंजिश में एक दम्पति को हथियार दिखाकर एक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। वारदात रात करीब 12 बजे की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनील दत्त निवासी हरियाहेड़ा ने बताया कि उसके परिवार का खेमचंद उर्फ काले के परिवार से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद हालांकि मामले को पंचायत कर सामाजिक रूप से सुलझा लिया गया था। इसके बाद खेमचंद उर्फ काले उससे रंजिश रखने लगा। अब उसे जान से मारने की धमकी दी।

---

# आंगनबाड़ी केंद्र अब एक क्लिक दूर, हो सकेगी लाभार्थियों की रियल टाइम निगरानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



- आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए 28 करोड़ रुपये से खरीदे गए 28 हजार से ज्यादा फोन

प्रदेश के हजारों आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाखों नौनिहालों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं को केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ देने व लाभार्थियो की निगरानी करने की दिशा में सुशासन दिवस मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को स्मार्ट फोन देने की प्रकिया का शुभारंभ करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को पेपर लैस की ओर बढ़ाने का आगाज करेंगे।महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 67 प्रतिशत आबादी को रियल टाइम आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कल्याणकारी नीतियों का लाभ देने में स्मार्ट फोन अहम कड़ी साबित होने जा रहे हैं। डिजिटल इंडिया के संकल्प पर आगे बढ़ते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग तकरीबन 28 करोड़ रुपए की राशि खर्च करते हुए 28 हजार 484 स्मार्ट फोन की खरीद की गई है, जिन्हें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजर व महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को स्मार्ट फोन दिया जाएगा। इस डिजिटल दौर में अब प्रदेश के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र के दायरे में आने वाले लाभार्थियों का डेटा महज एक क्लिक दूर होगा।

### रजिस्टरों को अपडेट करने से मिलेगी निजात : ढांडा

महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र पर काम कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अब तक विभिन्न योजना व उनके लाभार्थियों की अपडेट जानकारी 10 अलग-अलग रजिस्टर में चढ़ानी पड़ती थी। इसमें आंगनवाड़ी केंद्र के दायरे में बच्चों, महिलाओं का सर्वे करना, राशन का आंकड़ा, बच्चों व माताओं की हाजिरी, पूर्व स्कूल शिक्षा की हाजिरी, गर्भवती महिलाओं का रिकार्ड, टीकाकरण का रिकार्ड, होम विजिट का रिकार्ड, बच्चों व गर्भवती महिलाओं को रैफर करने का रिकार्ड, मासिक रिपोर्ट, जिसमें टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच सम्बन्धी रिकार्ड का सारांश व वजन संबंधी रिकार्ड इन रजिस्टर में चढ़ाना पड़ता था। लेकिन अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यही काम उन्हें दिए गए स्मार्ट फोन में करना होगा। इससे उन्हें लम्बे-चौड़े रिकार्ड को संभालने से भी निजात मिलेगी। इन स्मार्ट फोन को चलाने संबंधी कोई परेशानी न आए, इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### खंड, जिला व मुख्यालय स्तर पर होगी निगरानी

राज्यमन्त्री कमलेश ढांडा ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लाभार्थी तक पहुंचाने व लाभार्थियो में हो रहे सुधार की निगरानी महज कम्प्यूटर की एक क्लिक जितना दूरी पर होगी। बच्चों की वृद्धि की निगरानी, गर्भवती महिलाओं व बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार, बच्चों का वजन व माप, आंगनवाड़ी केंद्र भवन की आधारभूत संरचना जैसे सभी विषयों की खण्ड, जिला व मुख्यालय स्तर पर निगरानी की जा सकेगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्मार्ट फोन के माध्यम से समुदाय आधारित कार्यक्रम, मदर मीटिंग, टीकाकरण दिवस, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता दिवस जैसे कार्यक्रमों का रिकार्ड रख सकेंगी व घर-घर जाने के दौरान फोन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से जुड़ी वीडियो पात्रों व लाभार्थियों को दिखा सकेंगी। स्मार्ट फोन के माध्यम से ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी।

---

# स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर दायर शपथ-पत्र से हाईकोर्ट संतुष्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- स्कूलों में शौचालयों के साथ-साथ बिजली कनेक्शन से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध
- प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की रिक्तियों की स्थिति को प्राथमिकता से देख रहा विभाग

स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में दायर शपथ पत्र पर कोर्ट ने संतोष जताया है और अधिकारियों को व्यक्तिगत उपस्थिति में छूट दी है। शपथ पत्र में सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि स्कूलों में लड़कों और लड़कियों के लिए शौचालयों के साथ-साथ बिजली कनेक्शन से संबंधित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं। शपथ पत्र में अतिरिक्त कक्षाओं और अन्य कमरों के निर्माण के लिए बजटीय आवंटन का विवरण भी है, जिसमें इन आवश्यक कार्यों को पूरा करने के लिए एक क्रम में समय सीमा दी गई है। इसके अलावा हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने आश्वासन दिया है कि स्कूलों में शिक्षकों की रिक्तियों की स्थिति को प्राथमिकता से देखा जा रहा है और राज्य के स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया और रिक्तियों के संबंध में कोर्ट के सामने अगली सुनवाई से पहले एक रिपोर्ट दी जाएगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 2 फरवरी 2024 को होगी। उल्लेखनीय है कि स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु एक याचिका में पिछली सुनवाई के दौरान किसी वजह से नया एफिडेविट कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था जिसके बाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में 23 नवंबर 2023 अंतरिम आदेश पारित कर दिया जबकि सारी कमियां पूरी की जा चुकी थी। उन सभी स्कूलों में पीने का पानी, लड़कों व लड़कियों के लिए शौचालय और बिजली की सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई थी, जहां इनकी कमी थी।

### स्कूलों को 580 करोड़ रुपये दिए गए

सरकार द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए आवश्यक 1738 करोड़ रुपये में से 580 करोड़ रुपये दिए गए। इस उपलब्ध बजट में से, विभाग ने अब तक लगभग 302 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की है, जिसमें से लगभग 167 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही संबंधित ठेकेदार/निर्माण एजेंसी को किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियां और कैप्सूल सहित युवक काबू

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नकोड़ा बाजार क्षेत्र से एक युवक को काबू कर उसके कब्जोसे 110 नशीली प्रतिबंधित गोलियां व 75 कैप्सूल बरामद करने में सफलता हासिल की है। रानियां थाना प्रभारीराधे श्याम ने बताया कि पकडे.गए आरोपी की पहचान गुरदीप सिंह उर्फ बंटी पुत्र काला सिंह निवासी वार्ड नंबर 7 रानियां के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान आरोपी को नशीली प्रतिबंधित गोलियों तथा कैप्सूलों के साथ नकोड़ा बाजार रानियां से काबू किया है।

### चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** जिले के विभिन्न गांवों के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संबधित गांवों के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संबंधित तहसील कार्यालय में चौकीदार के रिक्त पदों पर 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# डिप्टी सीएम के सुरक्षाकर्मी ने चलती कार में सिर में गोली मारी, मौत

## कार दुर्घटनाग्रस्त, एयरबैग खून से सने, गाड़ी में मिला पिस्टल

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया, मामला संदिग्ध बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। सिरसा रोड पर दुर्घटनाग्रस्त कार में पड़ा पिस्टल एवं कार की जांच पड़ताल करती पुलिस की टीम।

फतेहाबाद के सिरसा रोड पर बने फ्लाईओवर के समीप एक पुलिस कर्मचारी द्वारा चलती कार में सिर में गोली मारने का मामला सामने आया है। गोली लगने से कार भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे खुले एयरबैग पुलिस कर्मचारी के खून से सन गए। मृतक के सिर में गोली लगी है। इस बारे में सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की तो मृतक की पहचान हेड कांस्टेबल सुनील कुमार निवासी हिसार के रूप में हुई है। मृतक पुलिस कर्मचारी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात बताया गया है। पुलिस ने कार से एक पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि उसने चलती गाड़ी में खुद को गोली मारी है। हालांकि पुलिस इसे संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय हेड कांस्टेबल सुनील कुमार शनिवार को ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने गांव चला गया था। रविवार सुबह वह अपनी कार में सवार होकर घर से वापस ड्यूटी पर सिरसा जा रहा था। पुलिस को रविवार सुबह सूचना मिली कि नेशनल हाईवे सिरसा रोड पर फ्लाईओवर के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त खड़ी है और उसमें एक व्यक्ति का शव पड़ा है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की तो कार से मिले आईकार्ड के आधार पर मृतक की पहचान हेड कांस्टेबल सुनील कुमार के तौर पर हुई और वह डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की एस्कॉर्ट ड्यूटी मे तैनात था।

### मामले की बारीकी से की जा रही है जांच

पुलिस कर्मचारी का शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें जांच के लिए मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने जांच में ड्राइविंग सीट पर ही एक पिस्टल भी बरामद की है वहीं कार का एयरबैग भी खून से लथपथ था। फ्लाईओवर पर दूर तक डिवाइडर पर गाड़ी टकराने के निशान भी थे, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पुलिस कर्मचारी ने चलती गाड़ी में गोली चली होगी, जिससे कार हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की बारीकी से जांच कर रही है।



कुरुक्षेत्र। गीता महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

# फिर मिलने का वादा कर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कला और संस्कृति का ज्ञान देकर संपन्न

- कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और प्रशासन की सोशल साइट्स पर 60 लाख लोग देख चुके
- विभिन्न राज्यों से 49.73 लाख यूएस से 25.81 लाख व कनाडा से 4.4 लाख लोगों ने प्रशासन की साइट पर हिट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक पहचान बना ली है। इस महोत्सव के क्राफ्ट और सरस मेले के अंतिम दिन शिल्पकार और कलाकार रुखसत होने से पहले अपने स्टॉलों और घाटों पर पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत करते नजर आए और जाते-जाते कभी अलविदा ना कहना.. अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 अगले वर्ष में फिर मिलेंगे वादा किया। अब इस महोत्सव ने लोगों के दिलों में अपनी स्थाई पहचान बना ली है। गीता महोत्सव 2023 के यादगार लम्हों को देश विदेश के लोग अपने जहन में संजोने लगे है। इस महोत्सव के सरस, क्राफ्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और प्रशासन की सोशल साइटस पर 60 लाख लोग देख चुके है। इस आंकडे में फेसबुक के 40 लाख 30 हजार और इन्सटाग्राम पर लगभग 20 लाख लोग शामिल है। अहम पहलू यह है कि महोत्सव की वेबसाइट इन्टरनेशनल गीता महोतत्सव.इन की वीडियो पर 5 लाख से ज्यादा लोगों ने अपने व्यूज भी दिए है। अहम पहलू यह है कि भारत के विभिन्न राज्यों से 49 लाख 73 हजार, अमेरिका से 25 लाख 81 हजार, कनाडा से 4 लाख 4 हजार लोगों ने प्रशासन की साइट पर हिट किया है।

### नारनौल: रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत

**नारनौल।** गांव राता कलां के समीप ओवरटेक कर रही हरियाणा रोडवेज की बस ने एक महिला को कुचल डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बस अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने उपरांत नागरिक अस्पताल नारनौल से रविवार प्रातः शव का पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पति कबूल सिंह वासी कलवाड़ी ने बताया कि वह अपनी पत्नी कृष्णा देवी के साथ स्कूल पर सवार होकर कनीना से अपने गांव कलवाड़ी की तरफ आ रहा था। कृष्णा ने राता कलां बस स्टैंड से थोड़ा पहले लघु शंका के लिए कहा था।

### पिस्तौल के साथ कर रहा था नाश्ता, गोली चलने से चाची को लगी

**डहीना।** गोठड़ा टप्पा डहीना में लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर किचन में नाश्ता कर रहे एक कॉलेज स्टूडेंट के हाथ से अचानक गोली चल गई। गोली उसकी चाची को लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अस्पताल में उपचाराधीन ललिता देवी ने पुलिस बयान में बताया कि उसके जेठ के लड़के साहिल और मोहित भी उसके साथ रहते हैं। मोहित कॉलेज में पढ़ता है। वह किचन में बच्चों के लिए टिफिन तैयार कर रही थी। इसी दौरान हाथ में पिस्तोल लेकर मोहित उसके पास आया और खाना देने के लिए कहा।

बाढ़ड़ा: दगड़ौली के समीप हुआ हादसा

## बोलेरो की टक्कर से अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



दगड़ौली कादमा रोड पर रविवार को गांव दगड़ौली के समीप बोलेरो की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसकारण ढाणी भालोठिया निवासी कार चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। बाद में उसे कादमा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे चरखी दादरी रेफर किया गया। चरखी दादरी सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झोझूकलां थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर बोलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। ढाणी भालोठिया निवासी राजसिंह ने पुलिस को बताया कि उसका भाई राजकुमार गाड़ी लेकर किसी काम से गुरुग्राम गया था, जहां से वह वापस लौट रहा था। गांव दगड़ौली के पास हादसा हुआ।

### मकान बेचने के नाम पर व्यक्ति से बाप-बेटे ने हड़पे 19.5 लाख

**यमुनानगर।** मकान बेचने के नाम पर बाप बेटे ने एक व्यक्ति से साढ़े उन्नीस लाख रुपये बयाने के रुप में लेकर हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी बाप बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जठलाना निवासी रामपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत अप्रैल में शहर में एक मकान खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात शहर के सुमन व उसके बेटे दीपक से हो गई। आरोपियों ने उसे शहर की सरोजनी कॉलोनी में मकान दिखाया। वह मकान उसकी समझ में आ गया। इस दौरान सौदा होने पर उसने आरोपियों को 14 लाख रुपये बयाने के रुप में दे दिए। मकान की रजिस्ट्री कुछ दिन बाद करवाने का आश्वासन दिया। लेकिन रजिस्ट्री नहीं किया।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से कंपनी के कर्मचारी की मौत

**यमुनानगर।** शहर की इस्जेक कंपनी में तैनात एक कर्मचारी की देर शाम घर लौटते समय रास्ते में खानचंद चौक के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव किशनपुरा माजरा दादुपुर निवासी रणबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई शैलेंद्र पिछले बीस साल से शहर की इस्जेक कंपनी में नौकरी करता था। देर शाम वह कंपनी से अपनी ड्यूटी समाप्त करके घर लौट रहा था। खानचंद चौक के नजदीक उसे ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी।

### फाइनेंसकर्मियों ने कंपनी को लगाया ढाई लाख का चूना

**जींद।** नरवाना में फाइनेंस कंपनी कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं से किश्त की उगाही कर लगभग अढ़ाई लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के टीएम की शिकायत पर कंपनी के चार कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एलएंडटी फाइनेंस कंपनी के टीएम अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी फाइनेंस करती है। गांव दहरा जिला भरतपुर राजस्थान निवासी राहुल, गांव मालवी निवासी आशीष, अंबाला निवासी शुभम, गांव सीसवाला निवासी विकेश कुमार नरवाना कार्यालय में कार्य करते हैं।

### करनाल के युवक की अमेरिका में मौत, पेड़ से टकरा कर पलटी गाड़ी

**करनाल।** 23 दिसंबर को अमेरिका के टेक्सास शहर में करनाल के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक डेढ़ साल पहले ही वर्क परमिट से अमेरिका गया था। अब नव साल पर कंपनी का डायरेक्टर बनने वाला था। मौजूदा समय में वह कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात था। युवक की पहचान नितिन मत्तिल (30) निवासी गांव कोहड़ के रूप में हुई है। बेटे की मौत की सूचना के बाद माता-पिता सहित पूरे गांव में मातम पसर गया। जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन अशोक मत्तिल ने कहा कि नितिन उसका भतीजा था। रविवार को अमेरिका से फोन आया कि नितिन की गाड़ी टेक्सास शहर में पेड़ से टकराने के बाद पलट गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



# गूगल के 30 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर संकट, हो चुकी 12 हजार की छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया भर में इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़ा क्रेज है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े एक नए इनोवेशन की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी गूगल में बड़ी छंटनी होने का अनुमान है। हाल में ही एक रिपोर्ट में बताया गया है कि नए एआई इनोवेशन की वजह से गूगल 30000 से अधिक स्टाफ की छंटनी कर सकती है।

- गूगल के ऐड सेल्स यूनिट से स्टाफ की छंटनी की जा सकती है

गूगल के ऐड सेल्स यूनिट से इन स्टाफ की छंटनी की जा सकती है। गूगल ने अपने ग्राहकों को एआई आधारित टूल की मदद से ऐड क्रिएट करना और सजेस्ट करना शुरू किया है, जिस वजह से इंसानों की जरूरत कम या खत्म हो गई है। अब तक गूगल में स्पेशलाइज्ड एम्पलाई गूगल सर्विसेज के लिए ऐड बेचते थे जो काम अब एआई करने जा रही है। दुनिया की दिग्गज कंपनी गूगल एड सेल्स यूनिट से 30000 लोगों की छंटनी कर सकती है।

## नए एआई इनोवेशन से अधिक स्टॉफ की गूगल छंटनी कर सकता है

### ऐड सेल्स यूनिट में कई जॉब अब बेकार

हाल में ही सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ऐड सेल्स यूनिट में कई जॉब अब बेकार हो गई है क्योंकि गूगल ने नया आई आधारित टूल पेश कर दिया है जो ऑटोमेटिक तरीके से ऐड सजेस्ट करता है और नया ऐड क्रिएट कर देता है। यह ग्राहकों के लिए बेहतरीन विकल्प बनकर सामने आया है, इस पर एंप्लॉई को ध्यान देने की जरूरत भी नहीं है।




### इतिहास का सबसे बड़ा लेआउट होगा

कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल किया है और एक रिपोर्ट के मुताबिक गूगल 30000 लोगों को काम से निकाल सकता है। गूगल ने इस साल की शुरुआत में 12000 स्टाफ को काम से निकाला था। कंपनी के इतिहास में यह सबसे बड़ी लेआउट एक्सरसाइज हो सकती है।

### गूगल ऐड के लिए आईओ लांच

गूगल ने इससे पहले एआई पावर कैंपेन प्लानर लांच किया है। साल 2021 में कंपनी ने परफॉर्मेंस मैक्स लांच किया था। अब कंपनी ने गूगल ऐड के लिए आईओ लांच किया है जो एआई से लैस है। इस नए इनोवेशन की वजह से गूगल कस्टम एसेट क्रिएट कर सकता है और कुछ क्लिक में ही उसे बड़े पैमाने पर फैला सकता है। यूट्यूब, सर्च, डिस्प्ले, डिस्कवर, जीमेल और मैप्स जैसी सेवाओं में इस एआई इनोवेशन का यूज किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### दिवाला से जुड़े मामलों पर नजर रखें बैंक




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उनके फंसे कर्ज के प्रबंधन के संदर्भ में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता के 20 शीर्ष मामलों पर नजर रखने और उसकी समीक्षा करने को कहा। बैठक में फंसे कर्जों के निपटान के मकसद से दिवाला से जुड़े शीर्ष 20 मामलों की मासिक आधार पर समीक्षा करने को कहा।

### निप्पॉन लीकलेस को मिली विनिवेश की मंजूरी



**मुंबई।** वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी टीएससीएल के निदेशक मंडल ने निप्पॉन लीकलेस टॉलब्रोस संयुक्त उद्यम में अपनी पूरी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश को मंजूरी दी है। टीएसीएल ने बयान में कहा कि उसके हिस्सेदारी बेचने के बाद निप्पॉन लीकलेस के पास संयुक्त उद्यम कंपनी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

### एआईके पाइप्स का आईपीओ के लिए शेयर मूल्य तय




**नई दिल्ली।** पाइप बनाने वाली कंपनी एआईके पाइप्स एंड पॉलीमर्स ने 26 दिसंबर को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 89 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है। 28 दिसंबर को बंद होने वाले इस निर्गम में 16.88 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस निर्गम से कंपनी को 15.02 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

## इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा उद्योग

# रिकॉर्ड बिक्री के बाद वाहन उद्योग नए साल में तेजी बनाए रखने की तैयारी में जुटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में रिकॉर्डतोड़ बिक्री दर्ज करने वाला घरेलू वाहन उद्योग आने वाले साल में बिक्री वृद्धि नरम पड़ने की संभावना के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा हुआ है। अगले कुछ दिनों में खत्म होने वाले वर्ष 2023 में यात्री वाहनों की बिक्री के 40 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर जाने की उम्मीद है।

नए साल की शुरुआत में ही वाहन विनिर्माताओं ने अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी है। इसका असर वाहनों की बिक्री वृद्धि पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा कि गुजरते साल की तुलना में अगले साल बिक्री नरम पड़ने की संभावना है।

### छोटे कारों में विशेष ध्यान देने की जरूरत

ऐसे में वाहन बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए छोटी कारों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।छोटी कारों की कुल वाहन बिक्री में हिस्सेदारी इस साल अप्रैल-अक्टूबर के दौरान करीब चार प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में यह अनुपात करीब 14 प्रतिशत था।



- यात्री वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 40 लाख के पार होने की उम्मीद
- विनिर्माताओं ने नए वर्ष में गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी
- नए साल में वाहनों की बिक्री वृद्धि कमजोर पड़ने की संभावना

### वाहन उद्योग में चौतरफा वृद्धि होगी

भार्गव ने कहा, 'जहां तक मारुति सुजुकी का सवाल है तो हमें उद्योग जगत से अधिक वृद्धि करने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में भी सकारात्मक तेजी रहेगी।'वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अगले साल वाहन उद्योग के लिए बिक्री परिदृश्य सकारात्मक ही बने रहने की उम्मीद है।

### वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में बदलाव आएगा

वाहन कलपुर्जा उत्पादकों के संगठन एक्मा के महानिदेशक विनी मेहता ने कहा कि भारत-एनकैप आने से सुरक्षा पर जोर बढ़ेगा और ईवी की तरफ ध्यान रहने से वाहन कलपुर्जा क्षेत्र को भी अपने उत्पादन में बदलाव करने होंगे।

*एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी 49 फीसदी होगी : हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'इस साल एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी करीब 49 प्रतिशत रहने का अनुमान है और हुंडई के मामले में यह अनुपात 60 प्रतिशत है। वर्ष 2024 में उद्योग की एसयूवी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक और कंपनी के लिए 60 प्रतिशत से आगे जाने की उम्मीद है।'*

### ईवी खंड में रह सकती है मजबूती

मेनन ने अगले साल ईवी खंड के मजबूती हासिल करने की उम्मीद जताते हुए कहा कि कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़नी जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन के लिए लाई गई फेम योजना के अगले चरण के भी 2024 में लाने की उम्मीद जताई।

### टाटा ईवी में नए उत्पाद पेश करेगी

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि कंपनी परंपरागत इंजनों पर आधारित वाहनों के अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों में भी नए उत्पादों को पेश करेगी। इसमें साणंद कारखाने की पूरी क्षमता का इस्तेमाल किया जाएगा।

### महिंद्रा भी ईवी वाहनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा

महिंद्रा एंड महिंद्रा भी इलेक्ट्रिक वाहन खंड पर अपना ध्यान बनाए रखने की तैयारी में है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वाहन एवं कृषि खंड) राजेश जेजुरीकर ने कहा कि कंपनी अपने बॉर्न इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो को भारतीय बाजार में पुरजोर ढंग से लाने की योजना में लगी है।

# म्यूचुअल फंड उद्योग पटरी पर लौटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए इस साल जोरदार वापसी की है और इसके परिसंपत्ति आधार में नौ लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि एक उत्साही शेयर बाजार, स्थिर ब्याज दरों और मजबूत आर्थिक विस्तार से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक गति अगले वर्ष भी जारी रहनी चाहिए।




- संपत्ति आधार में नौ लाख करोड़ रुपए बढ़ा
- पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरा

म्यूचुअल फंड निकाय एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, पर्याप्त वृद्धि के साथ इस वर्ष कुल निवेश 3.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, साथ ही निवेशकों की संख्या में दो करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है। इसे व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) की बढ़ती लोकप्रियता से समर्थन मिला, जिसमें 1.66 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि इस प्रवाह ने 2023 में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्ति (एयूएम) को 23 प्रतिशत यानी नौ लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।

### 2024 में भी सकारात्मक रुझान रहेगा

उद्योग के एयूएम में लगातार 11वीं वार्षिक वृद्धि हुई है। इस साल वृद्धि को इक्विटी योजनाओं में प्रवाह, खासकर एसआईपी के माध्यम से समर्थन मिला है। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए बालसुब्रमण्यन ने कहा कि सकारात्मक रुझान 2024 में भी जारी रहेगा।




### स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के विजेता को हार्दिक बधाई

**नई दिल्ली।** डॉ. पंकज अग्रवाल के मार्गदर्शन में हमारे छात्र ओम मिश्रा, तरूण राघव, भारत भूषण, लक्ष्मण सिंह, महक, यश वर्धन (बी.टेक सीएसई द्वितीय वर्ष) को विजेता घोषित किया गया स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 19-20 दिसंबर 2023 को मणिपाल विवि, जयपुर में आयोजित किया गया जयपुर में 29 टीमों ने भाग लिया विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि के रूप में 100000 का चेक दिया गया समस्या कथन है सरकारी संगठन के लिए ऑनलाइन ब्लॉकचेन आधारित प्रमाणपत्र निर्माण और सत्यापन प्रणाली प्रमाणपत्र जारी करने और सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को छात्रों ने क्रांतिकारी ब्लॉकचेन-आधारित प्रणाली मर्टसिक्योर डिजाइन व विकसित की उनका प्राथमिक लक्ष्य पारंपरिक प्रमाणपत्र प्रणालियों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना है।

### 421 परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली। नवंबर में 150 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 421 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

## राशिफल


**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।


**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।


**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।


**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।


**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

### फाईनैंस

☞ MAHENDRA FINANCE COMPANY, काम हमारा विश्वास आपका सरकारी योजना, मुद्रा लोन (10+2), मार्कशीट, प्रोपेर्टी, पर्सनल, बिजनेस, मकान, 3 LAKH से 40 LAKH तक लोन। महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट ऑनलाइन सुविधा घर बैठे पायें। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (10 मार्कशीट 24 घंटे 3 लाख का लोन) सिबिल खराब लोन पाएं, 93503 86748, पहले आएं पहले पायें

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जॉब

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.


## 150 बिलियन डॉलर की डील नहीं बढ़ी आगे और रद्द

# इंफोसिस को झटका, विदेशी ग्राहक ने तोड़ी 12500 करोड़ की डील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस (इंफोसिस) को बड़ा झटका लगा है। इंफोसिस ने एक विदेशी कंपनी के साथ ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस को लेकर 150 बिलियन डॉलर (12,475 करोड़ रुपए) की डील की थी जो अब रद्द हो गई है। इसे लेकर दोनों कंपनियों के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए थे, लेकिन अंत में होने वाला मास्टर एग्रीमेंट अब नहीं होने जा रहा है।

इंफोसिस ने डील रद्द होने की जानकारी तो दी है लेकिन जिस कंपनी ने डील कैसिंल की है, उसका नाम नहीं बताया है। इंफोसिस ने 150 बिलियन डॉलर की इस डील के लिए सितंबर 2023 में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन हुआ था। एमओयू 15 साल के लिए था। इसके तहत इंफोसिस को अपने प्लेटफॉर्म के जरिए वैश्विक कंपनी को डिजिटल एक्सपीरिएंसेज और एआई सॉल्यूशंस मुहैया कराना था।




### सितंबर में हुई थी कई डील

सितंबर तिमाही में इंफोसिस को 770 बिलियन डॉलर की डील मिली थी। 150 बिलियन डॉलर की डील अब रद्द हो चुकी है। अब बाकी बड़ी डील की बात करें तो इंफोसिस को एक मौजूदा ग्राहक से 200 बिलियन डॉलर का कांट्रैक्ट मिला था। इसके तहत कंपनी को 5 साल तक एआई और ऑटोमेशन आधारित डेवलपमेंट और मेंटेमेंटेनेंस सर्विसेज मुहैया कराना है। लिबर्टी ग्लोबल के साथ भी इंफोसिस ने पांच साल के लिए एक 150 बिलियन डॉलर की डील साइन की थी।

### कंपनी को कुल 770 बिलियन डॉलर के ऑर्डर मिले थे

इंफोसिस के लिए कांट्रैक्ट वैल्यू के हिसाब से सितंबर तिमाही अब तक की सबसे दमदार तिमाही रही थी। इस तिमाही में कंपनी को कुल 770 बिलियन डॉलर के ऑर्डर मिले थे। जिसमें से 150 बिलियन डॉलर की तो इसी एक वैश्विक कंपनी के साथ डील की थी।


### 15 दिन में दूसरा झटका

इंफोसिस को पंद्रह दिन में दूसरा झटका लगा है. दो सप्ताह पहले ही इंफोसिस के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) नीलांजन रॉय ने अचानक से इस्तीफा दे दिया था। वह 6 साल से इस पद पर बने हुए थे। आईटी सेक्टर के जानकारों का मानना है कि डील इंफोसिस की डील रद्द होना बताती है कि भारतीय आईटी बिजनेस लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# निर्यात बढ़ाना, आयात घटाना है देशभक्ति का नया रास्ताः गडकरी

*पणजी (भाषा)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि निर्यात बढ़ाना और आयात कम करना देशभक्ति और स्वदेशी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने का नया रास्ता है। उन्होंने कहा कि वह दिन भारत के लिए नई आजादी की तरह होगा, जब देश पेट्रोल या डीजल की एक बूंद भी आयात नहीं करेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने साप्ताहिक पत्रिका 'पांचजन्य' के कार्यक्रम 'सागर मंथन 2.0' में कहा कि पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना दुनिया में आतंकवाद को रोकने से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ''जब तक यह आयात बंद नहीं होगा, दुनिया भर में आतंकवाद नहीं रुकेगा। मेरे जीवन का मकसद पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना है। मैं उस दिन को भारत के लिए एक नई आजादी मानता हूं, जब देश में पेट्रोल और डीजल की एक बूंद भी आयात नहीं की जाएगी।' गडकरी ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल का आयात बिल इस समय 16 लाख करोड़ रुपये है। अगर हम इस आयात को कम करते हैं, तो हम जो पैसा बचाएंगे, वह गरीबों के पास जाएगा। यही कारण है कि हमने जैव ईंधन जैसे वैकल्पिक ईंधन पेश किए हैं। आयात में कमी और निर्यात में वृद्धि देशभक्ति और स्वदेशी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है।' गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने (2014 में) कार्यभार संभाला था, तब भारत में वाहन उद्योग का आकार सात लाख करोड़ रुपये था।*

## शब्द पहेली - 5374



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5373 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | बा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5384

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

भारत की कुल 40 टेस्ट मैचों में सातवीं जीत

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, 28 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया, 8 विकेट से जीता टेस्ट मैच



सात विकेट लेकर स्नेह बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ। मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है।

भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है। टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही।

## 75 रन का मिला लक्ष्य

मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी।



## राणा के चार शिकार

*चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया। पूजा वस्त्राकर (एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा। राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया।*

## स्नेह ने किया आलराउंड प्रदर्शन

*भारत की अनुभवी खिलाड़ी स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्नेह ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में पहली पारी में नौ रन बनाए। इस दौरान 57 गेंदों का सामना किया और स्मृति मंधाना का बखूबी साथ दिया। उन्होंने स्मृति के साथ पहली पारी में दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की थी।*



## दोनों टीमों के बीच रिकॉर्ड

| साल | नतीजा | जगह |
|---|---|---|
| 1977 | ऑस्ट्रेलिया जीता | पर्थ |
| 1984 | ड्रॉ | दिल्ली |
| 1984 | ड्रॉ | लखनऊ |
| 1984 | ड्रॉ | अहमदाबाद |
| 1984 | ड्रॉ | मुंबई |
| 1991 | ड्रॉ | नॉर्थ सिडनी |
| 1991 | ऑस्ट्रेलिया जीता | एडिलेड |
| 1991 | ऑस्ट्रेलिया जीता | मेलबर्न |
| 2006 | ऑस्ट्रेलिया जीता | एडिलेड |
| 2021 | ड्रॉ | कैरारा |
| 2023 | भारत जीता | मुंबई |

# कोहली और रोहित ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना, कल से अफ्रीका टेस्ट

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

विश्व कप के निराशाजनक फाइनल को एक महीना बीत चुका है। इसकी टीस अब तक कायम है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रविवार को यहां टेस्ट श्रृंखला के अभ्यास के दौरान बिना बातचीत किए जमकर पसीना बहाया। क्योंकि वे जानते हैं कि आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है और अपने कॅरियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है। कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग-अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच-बीच में छोटे ब्रेक भी लिए।

- विश्व कप के निराशाजनक फाइनल हार की टीस अब तक कायम



## रोहित ने किया अश्विन का सामना

रोहित और जायसवाल सबसे पहले नेट पर पहुंचे, उन्होंने बारी बारी जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर की गेंदों का सामना किया। रोहित ने अश्विन की गेंद को स्वीप कर दिखाया कि जहां तक सलामी बल्लेबाजी का संबंध है तो उनमें कुछ नहीं बदला है। इसी दौरान कोहली भी आ गए और उन्होंने कोच द्रविड़ से थोड़ी बातचीत की जो रोहित को बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे। कुछ देर बाद कोहली पैड पहनकर थ्रोडाउन नेट पर आ गए जहां रोहित और जायसवाल भी कुछ देर में पहुंच गए।

## सहरावत और सौरभ ने जीते एयर पिस्टल ट्रायल

**नई दिल्ली।** हरियाणा के करण सहरावत और कर्नाटक की दिव्या टीएस ने रविवार को यहां पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल (टी2) में जीत दर्ज की जिसके साथ राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के नए सत्र के शुरुआती दो चयन ट्रायल संपन्न हुए। ओलंपियन सौरभ चौधरी पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। सीनियर ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने भी 586 अंक जुटाए लेकिन अंदरुनी 10 अंक के करीब कम शॉट मारने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के तीन निशानेबाजों आदित्य मार्ला, सहरावत और स्पर्धा के उप विजेता रहे शिव नरवाल ने अंतिम तीन क्वालीफाइंग स्थान हासिल किए। सहरावत ने हालांकि 24 निशाने के फाइनल में 243.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शिव 242.6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से खेल में मदद मिली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए अतीत में इंडियन प्रीमियर लीग की लुभावनी पेशकश ठुकराईं जिससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली। वह 2015 के बाद पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। स्टार्क ने कहा कि आईपीएल के दौरान ब्रेक से उन्हें तरोताजा होने और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए फिट रहने में मदद मिली।



5-0 के समान स्कोर से आगे बढ़ीं मुक्केबाज

## जैसमीन, अरुंधती की राष्ट्रीय मुक्केबाजी में शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन (60 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अरुंधती चौधरी (66 किग्रा) ने रविवार को यहां 5-0 के समान स्कोर से जीत हासिल कर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

जैसमीन ने राउंड 16 मुकाबले में मणिपुर की थोंगाम कुंजारानी देवी पर 5-0 की जीत से अंतिम आठ में जगह बनायी जिसमें उनकी भिड़ंत महाराष्ट्र की पूनम कैथवास से होगी। अरुंधती का सामना क्वार्टरफाइनल में पंजाब की कमलप्रीत कौर से होगा। अरुंधती ने राउंड 16 में अमिता को 5-0 से पराजित किया। अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में साक्षी (57 किग्रा) ने दिल्ली की ज्योति पर रैफरी द्वारा मैच रोके जाने से राउंड 16 में प्रवेश किया जिसमें वह तेलंगाना की रेफा मोहिद के सामने होंगी। हरियाणा की स्वीटी बूरा (81 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की साई देवखर के सामने होंगी।



## चिराग-अनमोल ने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप जीती

**गुवाहाटी।** चिराग सेन ने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में रविवार को यहां पुरुष एकल जबकि अनमोल खरब ने महिला एकल का खिताब जीता। सेमी फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त किरण जॉर्ज को हराने वाले 25 वर्षीय चिराग को फाइनल में थारुन एम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह इस मुकाबले को 21-14, 13-21, 21-9 से जीतने में सफल रहे। महिला एकल के फाइनल में अनमोल का सामना तन्वी शर्मा से था। तन्वी ने पहला गेम अपने नाम किया लेकिन अनमोल ने दूसरा गेम जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। तन्वी ने तीसरे गेम के बीच में चोट के कारण हट गई। उस समय अनमोल 15-21 21-17 16-8 से आगे चल रही थी। महिला युगल में प्रिया देवी कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त रितिका ठाकर और सिमरन सिंघी को 11-21, 21-14, 21-18 से हराकर खिताब जीता। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की उभरती जोड़ी ने नितिन कुमार और नवधा मंगलम की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-13, 21-8 से हराकर खिताब जीता।

## रेबेका रैफरी बनने वाली पहली महिला

**लंदन।** रेबेका वेल्च शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनीं। रेबेका फुलहम के खिलाफ बर्नले की 2-0 की जीत के दौरान रैफरी की भूमिका निभा रहीं थी। बर्नले के मैनेजर विन्सेंट कोंपानी ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया।


भारत सरकार

साहिबज़ादों की वीरता और बलिदान को नमन




दिनांक 26 दिसंबर 2023 | समय सुबह 10:30 बजे

स्थान : भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली

इस अवसर पर देशभर में विभिन्न आयोजन...

- बच्चों द्वारा मार्च पास्ट
- सिख बच्चों द्वारा शबद कीर्तन पाठ
- बच्चों द्वारा युद्ध कला का प्रदर्शन
- MYBharat प्लेटफार्म और MyGov पोर्टल पर इंटरेक्टिव क्विज़
- डिजिटल एग्ज़ीबीशन व देशभर के स्कूलों और चाइल्ड केयर संस्थानों में विशेष सभाएं

गरिमामयी उपस्थिति
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



"हमारे साहिबज़ादों का जीवन, तथा उनकी बेमिसाल कुर्बानी का संदेश, देश के हर बच्चे तक पहुंचे, वो उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए समर्पित नागरिक बनें, हमें इसके लिए प्रयास करने हैं।"

भारत मंडपम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आप डीडी न्यूज़ पर देख सकते हैं।

विशेष सहयोग – दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी

CBC 46101/13/0003/2324

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन हो

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ और अधिक मुखर होने की जरूरत है। पुंछ और राजौरी सेक्टर में इन दिनों आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से आतंकी वारदात में तेजी आई है। भारत सरकार लंबे समय से कश्मीर में 'ऑपरेशन क्लीन' चला रही है, जिसके चलते सैकड़ों आतंकी मारे भी गए हैं, आतंकी घटनाओं में भी कमी आई, इसके बावजूद कश्मीर अभी तक आतंकमुक्त नहीं हो सका है। इसके पीछे कारण पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट है। पाकिस्तान की फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई लगातार कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। ठंड के मौसम में पाक एस्टाब्लिशमेंट की कोशिश भारत में आतंकी घुसपैठ कराने की रहती है। वह हर बार ऐसा करती है। दिसंबर के महीने में एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ बढ़ जाती है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह मस्जिद में अजान पढ़ रहे थे। वह एक स्थानीय 'मुअज्जिन' थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। मस्जिद में आतंकी वारदात चिंता पैदा करती है। भारतीय खुफिया विभाग ने रिपोर्ट जारी कर सुरक्षा बलों को अलर्ट भी कर दिया है कि घाटी में पाक की ओर से आतंकियों की घुसपैठ बढ़ी है। 60 से 70 प्रशिक्षित आतंकी के घुसने का अनुमान है। भारतीय सुरक्षा बल सीमा पर हमेशा अलर्ट रहते हैं, लेकिन भौगोलिक स्थिति की वजह से आतंकी वारदात करने में सफल हो जाते हैं। आतंकी गुटों का एक पैटर्न है कि कश्मीर में जब हालात सामान्य होने लगते हैं, वे आतंकी हमले करने लगते हैं। हाल के वर्षों में आतंकियों ने जवानों व गैर कश्मीरियों को अधिक निशाना बनाया है, इसे रोकने की जरूरत है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। पाकिस्तान की माली हालत जैसी भी है, पर भारत के खिलाफ आतंकवाद उसकी नीति कभी बदलने वाली नहीं है, वह कश्मीर में आतंकवाद को शह देता रहेगा। भारत को इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाना होगा। कश्मीर में अगर तमाम कोशिशों के बावजूद आतंकवाद का खात्मा नहीं हो पा रहा है, तो आखिर जड़ का काटना ही होगा। भारत को कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ कठोर एक्शन लेते रहना होगा। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख व पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने बेशक कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब भी जीवित है और सेना या पुलिस के इस्तेमाल से इसका खात्मा नहीं किया जा सकता, बल्कि आतंकवाद के मूल कारण को समझने की जरूरत है। यह बात सुनने में सही लगती है, लेकिन आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र ने कूटनीति से लेकर सैन्य एक्शन तक कदम उठाए हैं। टेरर फंडिंग पर चाबुक चलाया गया है। दरअसल, जब तक सीमा पार से आतंकवाद प्रायोजित किया जाता रहेगा, कश्मीर में आतंकवाद को शह मिलता रहेगा। भारत को चाहिए कि कश्मीर में सर्च ऑपरेशन तेज करने के साथ ऑपरेशन क्लीन को भी तेज करे। इसी के साथ प्रायोजित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश देना होगा। भारत को कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए कूटनीति और विशेष सैन्य अभियान का संयुक्त प्रयास लगातार करते रहना होगा। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी है।



जयंती पर विशेष
कैप्टन अभिमन्यु

# 'अटल सपने' साकार कर रहे मोदी

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है।

राजनीति में शुचिता और संकल्प के साथ सामान्य वस्त्रों में संत स्वरूप स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को याद किया जाता है। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आज 25 दिसंबर को जन्म जयंती पर विकसित भारत के सपने और अंत्योदय के संकल्प के साथ देश सेवक के रूप में सेवा कर रहे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में सुशासन को लेकर दूरगामी कदम उठा रहे हैं। देश के नागरिकों का विश्वास उनमें किस कदर है, हर बार होने वाले चुनाव और उसमें आने वाले परिणाम हर बार इस बात को साबित कर रहे हैं।

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। मात्र वादे और दावे नहीं, बल्कि 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायत में ब्रॉडबैंड और इंटरनेट की सुविधा साकार हो चुकी है। वित्तीय समावेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेएएम (जनधन, आधार व मोबाइल) की त्रिमूर्ति लागू की है, 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाएं तेज गति से लाभार्थियों को निर्बाध पहुंच रही हैं। आजादी के बाद पहली बार वाजपेई जी की सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए अलग से जनजातीय मामलों का मंत्रालय स्थापित किया, आयोग के गठन के बाद जनजाति समुदाय के लोगों में एक उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण आया है। नॉर्थ ईस्ट को गति देने के लिए विकास का इंजन बनाने को राष्ट्रीय बांस मिशन, एकलव्य विद्यालयों की संख्या में वृद्धि और आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाना तमाम अहम कदम सरकार उठा रही है। 'वोकल फॉर लोकल' जैसे स्लोगन नागरिकों के जीवन को बदलने में बेहद कारगर साबित हुए हैं। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अटल बिहारी वाजपेई ने सुरक्षा चक्र को और ज्यादा मजबूत करते हुए साफ कर दिया था कि भारत किसी भी दबाव में पीछे हटने वाला नहीं है। आज अटल जी के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सुरक्षा को लेकर ऐसे कदम उठाए हैं कि आतंकियों के हौसले पस्त हो गए हैं, आज भारत की तरफ नजर उठाने की हिम्मत किसी की नहीं है। अटल बिहारी वाजपेई एक दूरदर्शी नेता और भविष्य की जरूरत की पहचान करने वाले व्यक्ति थे, वर्ष 2001 में पूर्वी रूस में तेल और गैस क्षेत्र में 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करके 20% हिस्सेदारी हासिल कर ली थी, यह उस समय भारत का सबसे बड़ा विदेशी निवेश था, विदेशी निवेश के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षित करने के लिए



अटल जी ने जो कदम उठाए, आज प्रधानमंत्री मोदी भी भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में सड़क, रेल व हवाई यातायात के लिए मूलभूत ढांचा मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में भारतमाला जैसे प्रोजेक्ट के साथ पीएम गति शक्ति योजना और देश को बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में मजबूत करने की पहल अटल जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी वाजपेई जी के दृढ़संकल्प और इरादों को लेकर आज भी उनके बनाए विजन पर अमल कर रहे हैं। वर्ष 2003 का 91 संशोधन अधिनियम, जिसमें निर्धारित किया था कि मंत्री परिषद में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या कुल सदस्यों की संख्या के 15 फ़ीसदी से अधिक नहीं होगी, यह भी सुशासन की नींव मजबूत करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वाजपेई ने किसी भी वर्ग और क्षेत्र को छोड़ा नहीं, किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड 1998 में शुरू की थी। किसानों की जरूरत और चुनौतियों को समझते हुए बैंक ऋण, खेती, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, ईंधन तमाम बिंदुओं पर वाजपेई जी ने दूरदर्शी सोच के साथ ठोस नीति बनाई, यही कारण है कि आज केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाएं शुरू कर किसानों के जीवन को बदल दिया है। वाजपेई जी पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के महत्व को समझा और वहां बदलाव की बयार शुरू की, वे असल में श्रमिकों, किसानों और देश के सबसे पिछली पंक्ति के लोगों को आगे लाने के पक्षधर थे, यही कारण है कि मोदी सरकार ने 2020 में चार श्रम कोड की शुरुआत की, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आगे लाने के लिए यह अहम बदलाव है। वाजपेई अपने सरकार के दौरान भी गरीबों के कल्याण पर फोकस किया था, उन्होंने भविष्य के लिए एक लाइन तैयार की, जिसके आधार पर वर्तमान सरकार ने 'श्रमेव जयते' का नारा दिया। वाजपेई जी द्वारा दिखाए सपने को पूरा करने के लिए मोदी भारत को एक मजबूत दिशा की ओर लेकर जा रहे हैं।

पर्यावरण और जल संकट से निपटने को विवादों को समाप्त करने के लिए नदियों को जोड़ने की वकालत वाजपेई जी ने की थी, उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखने और तेल को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने की नीति को देखते हुए तेल भंडार निर्माण, स्वदेशी जैव ईंधन को बढ़ावा देने की शुरुआत की थी। मोदी सरकार इस दिशा में कई ठोस कदम उठाकर राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 लागू कर चुकी है, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत प्रदान की है। मोदी सरकार अटल जी की प्रेरणा से स्वच्छता की मुहिम और खुले में शौच की समस्या को देश से समाप्त करने में कामयाब हुई है, भारत की बदलती तस्वीर से पूरा विश्व प्रभावित है।

अटल जी ने 14 लाख स्वयं सहायता समूह के गठन की घोषणा की थी, महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कई नीतियां लागू करने की पहल की थी। वर्तमान मोदी सरकार भी नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लागू कर कर साफ कर दिया है कि वह अटल जी के दिखाए रास्तों पर ही आगे बढ़ रहे हैं। डेयरी सेक्टर को डीलाइसेंसिंग करने का श्रेय भी अटल बिहारी वाजपेई को जाता है, इससे दूध उत्पादक कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ी है, भारत 2018 तक विश्व का शीर्ष दूध उत्पादक देश बन गया और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता भी बढ़ी है। मोदी सरकार ने इस देश को वन नेशन वन राशन कार्ड की सुविधा प्रदान की है। वाजपेई जी भारतीय भाषाओं के प्रबल समर्थक थे, यही कारण है कि नरेंद्र मोदी सरकार नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दे रही है। इस प्रकार से मोदी सरकार अटल जी के सपनों को सच करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। उस पुण्य आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए रास्तों पर चलना ही है। आज अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता बन गए हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में लगे हैं।

(लेखक पूर्व वित्त मंत्री हरियाणा सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती
प्रभात झा



# युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी

25 दिसंबर 2023 है, यह अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती है। 25 दिसंबर 2024 को उनकी जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष होगा। हमें पूरा विश्वास है कि अटल जी के आदर्शों पर चलने वाले और वर्षों की जनसंघ और भाजपा के घोषणापत्र में लिखे वचनों को साकार करने वाले वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी जन्म शताब्दी की अद्भुत तैयारी की योजना बना चुके होंगे या बना रहे होंगे। यह अटल का सौभाग्य है कि आज उनके द्वारा प्रारंभ की गई विचारधारा को, चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो, एकात्म मानववाद के रूप में हो, या अंत्योदय के रूप में, इसे भारत की जमीन पर जूनून से उतारने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। जनता पार्टी की सरकार के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में अटल जी पहले भारतीय विदेश मंत्री थे जिन्होंने हिंदी में भाषण देकर पूरे विश्व को जहां चौंका दिया था, वहीं अपनी राष्ट्रभाषा को सम्मान प्रदान किया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक विश्व में 66 राष्ट्रों में गए और भारत की, भारत माता की और वहां बसे भारतीयों के बीच अपनी संस्कृति और राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण जिस तरह से किया उसे अटल को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि कहेंगे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की पहली सरकार 13 दिन की थी, दूसरी बार 13 महीने की थी। जब 13 महीने की सरकार गिर रही थी तब विपक्ष में बैठे लोगों ने ताने मारे थे कि अटल ने सत्ता के लिए धारा 370, राममंदिर निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, समान नागरिक संहिता जैसे अपने विचारधारा के विषय को भूलकर एनडीए से समझौता किया। प्रधानमंत्री के नाते अटलजी ने सदन में जवाब दिया था कि राष्ट्रपति द्वारा सबसे बड़े दल होने के नाते हमें सरकार बनाने के लिए बुलाया गया, तो हमने न्यूतम साझा कार्यक्रम बनाया था जिससे देश पर पुनः चुनाव का भार न पड़े और अच्छी सरकार दे सकें, लेकिन विपक्ष की ओर अटल ने कहा की एक बात समझ लीजिये, जिस दिन हम बहुमत में आएंगे, उस दिन न धारा 370, न राममंदिर, न तीन तलाक और न समान नागरिक संहिता को छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में भाजपा की अकेले दम पर केंद्र में बहुमत की सरकार बनवाई। 2019 में इतिहास रचा गया और दोबारा सरकार बनी। प्रधानमंत्री मोदी के कानों में अटल के वे वाक्य जो उनके द्वारा सदन में कहे गए थे और जनसंघ से लेकर भाजपा के घोषणापत्र में लगातार लिखे जा रहे थे, को पूरा करने का अवसर आया, उन्होंने तनिक भी देर नहीं की और अपने राजनीतिक पुरखों की लिखी और कही विचाराधारा की बातों को 140 करोड़ जनता के चरणों में समर्पित किया। अटलजी ने मुंबई में संपन्न हुए भाजपा के प्रथम सम्मेलन में कहा था 'अंधेरा हटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' आज उनके इस वाक्य को मोदी शब्दशः साकार करने में अनवरत देश के एक सेवक एवं कार्यकर्ता के रूप में सक्षमता से साकार कर रहे हैं। अटलजी को उनके राजनीतिक जीवन की यात्रा में किये गए अनथक प्रयत्न, उनकी उदारता, उनकी आत्मीयता और उनके द्वारा एक नहीं अनेक बार की कई भारत यात्रा में अपनी वाणी से जनसंघ के दीये के प्रकाश में और कमल पुष्प के सुगंध से पूरे भारतवर्ष में जनता को भाजपा को आकर्षित करने का प्रयास किया। अटलजी ग्वालियर स्थित शिंदे की छावनी के कमल सिंह बाग स्थित अपने पैतृक निवास के एक छोटे से पाटोर में पैदा हुए। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी आजादी से पूर्व उत्तर प्रदेश के बटेश्वर से ग्वालियर आकर सिंधिया स्टेट के दौरान एक स्कूल में शिक्षक की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अटल चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका संपर्क बाल्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक तीजारेजी से हुआ। वहीं से वे संघ के स्वयंसेवक बने। अंग्रेजों के जमाने में ग्वालियर में विक्टोरिया कॉलेज जिसका नाम आज महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय है, में वे पढ़ते थे। अटल जी को जिन शिक्षकों ने पढ़ाया था उनमें एक बहुत बड़े साहित्यकार डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी थे। अटल बिहारी वाजपेयी आज भले ही काया से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन छाया से वे हम सबके बीच सदैव रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर और 25 दिसंबर उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस घोषित कर एक आदर्श जीवनशैली के राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सेवा का जहां सम्मान किया, वहीं राजघाट पर उनकी समाधि 'सदैव अटल' बनाकर हर भारतवासी की ओर से जो श्रद्धांजलि अर्पित की वह इतिहास में अमर हो गया। आज जो भी नागरिक व कार्यकर्ता दिल्ली आता है 'सदैव अटल' पर जरूर श्रद्धांजलि अर्पित करता है और अपनी विचारधारा के पुरोधा को प्रणाम करते हुए अभिभूत हो जाता है।

(लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जानिए आत्मा की अस्वस्थता के कारण



संकलित
दर्शन

हम लोगों के लिए पांच तरह का स्वास्थ्य जरूरी है। ये हैं शरीर, परिवार, समाज, मन और आत्मा का स्वास्थ्य। इनके अस्वस्थ रहने के कारण हैं- मोह, संशय, संदेह, शंका और भ्रम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उसे बहुत भोग न दिए जाएं। शरीर का महत्व समझ लेना चाहिए। ये बड़ा वरदान है ईश्वर का। बहुत बड़ा उपहार है। वह स्थूल रूप में स्वस्थ रहे, यह आवश्यक है। तथागत बुद्ध कहते हैं अष्टांग योग से शरीर स्वस्थ्य रहेगा। तन तंदुरुस्त रखने के लिए सम्यक आहार जरूरी है। बुद्ध कहते हैं सम्यक व्यायाम भी जरूरी है। तीसरा बुद्ध का नहीं, महर्षि रमण का सूत्र है और वह है कम बोलना। आदमी जितना बोलता है, उतना शरीर दुर्बल होता है। जितना जरूरी है, उतना ही बोलना चाहिए। यानी, सम्यक बोला जाए, वरना शरीर अस्वस्थ होगा। असीम विहार, असीम व्यवहार, असीम आहार.. इससे शरीर बिगड़ता है। इनके अलावा जिन पांच से शरीर बिगड़ता है, वे हैं- दूसरों पर शंका, संदेह, संशय, मोह और भ्रम। ये सबके समापन की व्यवस्था मानस ने दी है- सदगुर मिलें जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ। आप कथा सुनते हैं, सत्संग करते हैं, मैं गाता हूं, ये सब अच्छा लगता है। हम सुख पा रहे हैं। यह सबका अनुभव है, लेकिन हम केवल इसी में गिरफ्तार न हो जाएं। हमारा परिवार के प्रति भी उत्तरदायित्व है। हम सुख पा रहे हैं तो उन्हें भी सुख दीजिए।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं अपने काम पूरे मन से करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खेलेगा इंडिया तो आगे बढ़ेगा देश

हमारे देश में एक कहावत है कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो होंगे खराब। लेकिन आज बच्चों पर जिस तरह पढ़ाई का भार है और बच्चे जिस तरह मोबाइल, टीवी के मोह में फंसकर या कुछ लोग अपने बच्चों को मोबाइल और टीवी के जाल में फंसाकर बच्चों की सेहत के दुश्मन बन रहे हैं, उसके लिए जरूरी हो गया है कि बच्चों को खेल खेलने के लिए मैदान में भेजा जाए। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी जरूर भाग लेना चाहिए। हमें बच्चों को खेल के मैदान में उतारने की शपथ लेनी चाहिए।

*- सुरेश साहू, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### हमारी लड़कियों पर गर्व



हमारी लड़कियों पर गर्व है! ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट क्रिकेट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। आपने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचा है। आपको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। जीत हमेशा आपकी हो।

-अमित शाह, गृह मंत्री


### राहत की सांस



मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम लागत को कम करने जा रहा है, उन लोगों के लिए जीवन बचाएगा जो नशीली दवाओं को छोड़ देते हैं क्योंकि वे उन्हें वहन नहीं कर सकते हैं, और लोगों को थोड़ी राहत की सांस लेने की जगह देता है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जीवन विचार से बड़ा



जीवन विचार से कहीं अधिक बड़ी घटना है। दुर्भाग्य से, मनुष्य अपने ही विचारों में बहुत अधिक उलझ गया है। इंसान को व्यर्थ के विचारों में न उलझकर जीवन को सफल बनाने के बारे में सोचना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### बच्चों को तैयार करें



अपने बच्चों को एक ऐसी यात्रा के लिए तैयार करें जिसमें न केवल सफलता बल्कि असफलताएँ भी शामिल हों। उन्हें न केवल उपलब्धि को संभालना सिखाएं, बल्कि असफलताओं से कैसे निपटें और अपनी गलतियों से सार्थक सबक कैसे प्राप्त करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

बलिदान दिवस
डॉ विवेक आर्य



# स्वामी श्रद्धानंद बलिदान है अविस्मरणीय

25 दिसम्बर, 2023 को स्वामी श्रद्धानंद का 97वां बलिदान दिवस है। आप पराधीन भारत के सबसे बड़े समाज सुधारकों में से एक थे। आपका जन्म पंजाब के जालंधर के तलवान नामक स्थान पर हुआ था। आपका संन्यास पूर्व नाम मुंशीराम था। आप सामाजिक परिस्थितियों को देखकर नास्तिक बन गए थे। बरेली में स्वामी दयानन्द के वचनामृत का पान कर आपके अंधेरे जीवन में उजाला हुआ एवं आप नास्तिक से घोर आस्तिक बन गए। आप आर्यसमाज के सदस्य बन गए एवं सक्रिय रूप से भाग लेने लगे। आपके समक्ष बाल विधवाओं की समस्या एक चुनौती के रूप में आई। एक सज्जन की पुत्री छोटी आयु में बाल विधवा हो गई थी। वो उसका पुनर्विवाह करना चाहते थे। उस दौर में प्राचीन रूढ़िवादिता एवं अन्धविश्वास के चलते बाल विवाह किए जाते थे एवं बीमारी आदि के कारण पति की असमय मृत्यु हो जाने कारण देश में लाखों विधवाएं आजीवन नारकीय जीवन जीने को विवश थी। उस बच्ची के पिता ने मुंशीराम से कहा कि मैं अपनी सुपुत्री को ऐसे हालात में नहीं देख सकता। आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक स्वामी दयानन्द द्वारा अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश में बाल विवाह एवं पुरुषों के लिए बहुविवाह का निषेध किया गया था वहीं विधवाओं के पुनर्विवाह का विधान बताया गया था। यह उस काल में सामाजिक क्रांति करने जैसा था। स्वामी जी के आदेश को सर्वोपरि मानते हुए मुंशीराम ने उस बाल विधवा के पुनर्विवाह का निर्णय लिया। जब उक्त सज्जन की बिरादरी वालों को उनके इस निर्णय का ज्ञात हुआ तो उन्होंने उनका विरोध करना आरम्भ कर दिया। मुंशीराम ने डरे, न डिगे अपितु उन्हें शास्त्रार्थ की चुनौती दे दी और पर्वत के समान अपने निर्णय पर अडिग रहे। परिणाम स्वरूप 1890 के दशक में उत्तर भारत के पंजाब में विधवा पुनर्विवाह आरम्भ हुए एवं देखते ही देखते हज़ारों बच्चियों का जीवन सदा के लिए सुखमय हो गया। स्त्रियों के शिक्षा दूसरी सबसे बड़ी चुनौती थी। स्वामी जी ने नारी के लिए गुरुकुल खुलवाकर शिक्षा का प्रबंध करने का विधान लिखा और यह भी कहा कि जो परिवार अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित रखें उसे राजा दंड देने का विधान करें। मुंशीराम जी ने जब नारी जाति की इस शोचनीय अवस्था को देखा तो उन्हें बड़ा कष्ट हुआ। आपने अपने सम्बन्धी लाला देवराज के साथ मिलकर उत्तर सबसे पहली कन्याओं की शिक्षा के लिए समर्पित संस्था जांलधर कन्या महाविद्यालय की स्थापना की थीं। अनेक विरोधों का सामना करते हुए यह संस्था चल पड़ी। यहां पढ़ने वाली लड़कियां मंच से वेद मन्त्रों का पाठ करती और अस्त्र-शस्त्र चलाती तो दर्शक प्रभावित हुए बिना नहीं रहते। उत्तर भारत में स्थान स्थान पर अनेक कन्या पाठशाला, गुरुकुल आदि आर्य समाज ही नहीं अपितु अनेक संस्थाओं द्वारा खोले गए जिससे पूरे देश में नारी शिक्षा क्रांति का उद्घोष हुआ। मुंशीराम जी द्वारा लड़कों की शिक्षा के लिए गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना 1902 में वैदिक शिक्षा दीक्षा के लिए की गई थीं। इसी संस्था की एक अन्य शाखा कन्या गुरुकुल देहरादून नारी शिक्षा के लिए स्थापित किया गया था। मुंशीराम जी संन्यास ग्रहण कर स्वामी श्रद्धानन्द बन गए। आप अब राष्ट्रीय स्तर के नेता बन गए थे। आपका ध्यान में देश के 6 करोड़ अछूत समझे जाने वाले दलित भाइयों की ओर गया। रूढ़िवादी समाज उनके साथ छुआछूत का व्यवहार करता था। उन्हें सार्वजानिक कुएं से पानी भरने की मनाही थी। स्वामी जी उस समय कांग्रेस के सदस्य बन चुके थे। आपने कांग्रेस के मंच से दलितों के उद्धार का निश्चय किया इस कार्य के लिए कांग्रेस द्वारा विशेष कोष बनाने का सुझाव दिया। आपने जात्तिगत भेदभाव को मिटाने के लिए सुपुत्री का विवाह जातिगत बंधन तोड़कर किया था। समाज सुधार के आपके आदर्शों को कुछ मतान्ध लोग समझ नहीं पाए एवं एक षड्यंत्र के अंतर्गत 23 दिसम्बर 1926 को आपकी हत्या हो गई। आप अपने बलिदान से सदा के लिए अमर हो गए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# प्रधानमंत्री मोदी 'वतन को जानो' कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के 250 छात्रों से मिले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के लगभग सभी जिलों से वंचित पृष्ठभूमि के 250 छात्र देश का दौरा कर रहे हैं। अब उन्होंने जयपुर, अजमेर और दिल्ली का दौरा किया है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'वतन को जानो' पहल शुरू कराई गई है। इस बीच आज रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के 250 छात्रों से बातचीत की। बता दें कि, इससे पहले कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम वतन को जानो के अंतर्गत राजभवन में आयोजित समारोह के दौरान झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने जम्मू और कश्मीर के युवाओं से संवाद किया था ।



**यात्रा का उद्देश्य :** वतन को जानो यात्रा का उद्देश्य युवाओं को देश की सांस्कृतिक व सामाजिक विविधता से परिचित कराना है।

### मोदी 30 को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में एक के बाद एक वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग हो रही है। अब तक लगभग सभी राज्य में सेमी हाईस्पीड ट्रेन शुरू हो चुकी है। इससे न सिर्फ यात्रियों का टाइम बच रहा है, बल्कि उन्हें कम रुपए में हवाई जहाज जैसी सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। साल 2019 में पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू हुई थी। अब हाल में एक बार फिर से इसी रूट पर वंदे भारत लॉन्च की गई है। अब पीएम मोदी 30 दिसंबर को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च करने जा रहे हैं।

### मोदी अयोध्या में जनसभा व रोड शो को सम्बोधित करेंगे

**अयोध्या (उप्र) (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में रोड शो करने के साथ जनसभा को भी संबोधित करेंगे। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री का रोड शो करीब 15 किलोमीटर लंबा होगा जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27, धर्म पथ, लता मंगेशकर चौक, राम पथ, टेढ़ी बाजार, मोहबरा चौराहा से होते हुए अयोध्या रेलवे स्टेशन तक जाएगा। अयोध्या के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने रविवार को बताया कि मोदी पहले अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। वह रोड शो करते हुए सड़क मार्ग से अयोध्या रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां वह वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। बाद में वह सड़क मार्ग से हवाई अड्डे लौटेंगे जहां वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे।" रोड शो के दौरान मोदी जिस रास्ते से गुजरेंगे, वहां 51 जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# राजस्थान में पहला मंत्रिमंडल विस्तार आज या कल संभव

### करीब 15 विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने की उम्मीद

भाषा ▶▶| जयपुर

राजस्थान में पहला मंत्रिमंडल विस्तार कुछ दिनों में होने की उम्मीद है और इसमें युवा और अनुभवी दोनों नेताओं को मौका दिया जा सकता है। भाजपा के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। राजस्थान की 200 सदस्यों वाली विधानसभा में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 30 मंत्री हो सकते हैं। भाजपा के एक सूत्र ने बताया कि मंत्रिमंडल का पहला विस्तार सोमवार या मंगलवार को होने की उम्मीद है और लगभग 15 विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल में युवा के साथ ही अनुभवी विधायकों को भी जगह मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री शर्मा ने हाल ही में दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य से मुलाकात की थी और माना जाता है कि उन्होंने उनके साथ मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित मामलों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री और उनके दो उपमुख्यमंत्री क्योंकि जयपुर जिले के निर्वाचन क्षेत्रों से विधायक के रूप में चुने गए थे, इसलिए उम्मीद है कि मंत्री राज्य के अन्य हिस्सों से होंगे। सीएम जयपुर के सांगानेर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं दीया कुमारी विद्याधर नगर और प्रेम चंद बैरवा दूदू से विधायक हैं।



**युवाओं को मौका :** कैबिनेट मंत्रियों के लिए संभावितों में बाबा बालकनाथ, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, संदीप शर्मा, जवाहर सिंह बेदाम और महंत प्रताप पुरी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### पेरियार को मुख्यमंत्री स्टालिन ने दी श्रद्धांजलि

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु में द्रविड़ कषगम (डीके) के संस्थापक 'पेरियार' ई वी रामासामी की रविवार को 50वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 'आत्म सम्मान' आंदोलन के जनक माने जाने वाले और तर्कशास्त्री पेरियार का जन्म 17 सितंबर 1889 को हुआ और उन्होंने सामाजिक समता के लिए संघर्ष किया। उनका निधन 24 दिसंबर, 1973 को हुआ।

### मराठा आरक्षण: शीर्ष कोर्ट ने क्यूरेटिव पिटीशन स्वीकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर क्यूरेटिव पिटीशन को स्वीकार कर लिया। सीएम एकनाथ शिंदे ने इसे एक बड़ी राहत बताया और कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेगी। मराठा समुदाय ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की।



### विजयन सरकार के 2 मंत्रियों का इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के परिवहन मंत्री एंटनी राजू और बंदरगाह मंत्री अहमद देवरकोविल ने मुख्यमंत्री पिनरई विजयन को अपना इस्तीफा सौंपा। उनकी जगह अब केबी गणेश और कडन्नप्पल्ली रामाचंद्रन नए मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस इस्तीफे से मुख्यमंत्री विजयन पसोपेश में पड़ गए हैं।



## 'पीएम स्वनिधि' योजना के लाभार्थियों की सभा में बोले केंद्रीय मंत्री शाह

# पीएम मोदी का लक्ष्य गरीबों समेत 140 करोड़ को आत्मनिर्भर बनाना

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को ₹आत्मनिर्भर₹ बनाना चाहते हैं और उन्होंने इसके लिए समर्पण के साथ काम किया है। शाह यहां 'पीएम स्वनिधि' योजना के लाभार्थियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को आसान ऋण दिलाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं तथा साथ ही उनका लक्ष्य गरीब लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब लोगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री 'स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि' (पीएम-स्वनिधि योजना) के लाभार्थियों को ऋण देने के कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद थे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया है और वह देश को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा, सभी प्रकार के व्यवसायों तथा अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सभी गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और विकास के अलावा, प्रधानमंत्री ने 60 करोड़ गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है। शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, लगभग तीन करोड़ लोगों को अपना घर मिला, चार करोड़ लोगों को बिजली कनेक्शन मिला, 10 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर मिले, 12 करोड़ लोगों को शौचालय मिले, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला और 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा (योजना) में शामिल किया गया है।" उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को गरीबी से बाहर लाने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र (गुजरात में गांधीनगर) में 1.5 लाख से अधिक लोगों ने पीएम-स्वनिधि योजना का लाभ उठाया है, जिसके तहत बिना किसी गारंटी के छोटे व्यवसाय और हाथ गाड़ियां चलाने वालों को वित्तीय सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुरू की गई योजनाओं के परिणामस्वरूप देश में गरीब लोग अब आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। शाह अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उनका विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम है।

■ यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को आसान ऋण दिलाने में मदद करती



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिले मोहन यादव

# मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल का आज होगा विस्तार: मुख्यमंत्री मोहन

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि नए मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार को किया जाएगा। यादव ने रविवार शाम को नई दिल्ली भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार अपराह्न साढ़े तीन बजे होगा।" वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की और इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उनसे चर्चा



मध्य प्रदेश के सीएम ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की

### हिंदी बोलने वाले तमिलनाडु में टॉयलेट साफ कर रहे, भाजपा ने गठबंधन पर उठाए सवाल

**चेन्नई(एजेंसी)।** डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने हिंदी बोलने वाले लोगों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग तमिलनाडु में आते हैं और यहां कंस्ट्रक्शन मजदूर या सड़कों और शौचालयों की सफाई का काम करते हैं। डीएमके सांसद की इस विवादित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस क्लिप को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शेयर भी किया है। पूनावाला ने डीएमके सांसद दयानिधि के खिलाफ नहीं बोलने के लिए बिहार और यूपी के इंडिया गठबंधन नेताओं की आलोचना की है। वीडियो में दयानिधि को कहते हुए सुना जा सकता है कि जो लोग अंग्रेजी सीखकर यहां आते हैं, वो आईटी कंपनियों में अच्छी सैलरी पर काम करते हैं जबकि यूपी-बिहार से हिंदी बोलने वाले लोग जब यहां आते हैं, तो तमिल सीखकर कंस्ट्रक्शन मजदूर के तौर पर काम करते हैं। वे सड़कों और शौचालयों की सफाई करते हैं।



## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने जानकारी साझा की

# 1000 साल होगी 'गुणवत्तापूर्ण' राम मंदिर की आयु : चंपत राय

**चंपत राय ने इसे हिंदुस्तान का सम्मान बताया**

अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं। फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा व साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे,अयोध्या श्रीराम का जन्मस्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती।

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या महोत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है। हिंदुस्तान के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आयु 1000 साल की होगी।

इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है।अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं। फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा और साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे क्योंकि अयोध्या भगवान श्रीराम का जन्म स्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती।

### राम मंदिर राष्ट्र का और सम्मान का मंदिर है



उन्होंने कहा कि राम मंदिर राष्ट्र का मंदिर है। राष्ट्र के सम्मान का मंदिर है। 10 करोड़ लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए योगदान दिया है। राम मंदिर करोड़ो लोगों के परिश्रम से निर्मित हो रहा है। राम मंदिर की आयु 1000 साल बनाने की कोशिश की गई है।

### जमीन में 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई

उन्होंने बताया कि जमीन में ऊपर कंक्रीट नहीं है। जमीन के नीचे लोहे का तार नहीं है। 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई गई है। सीमेंट का प्रयोग मात्र 2.5 प्रतिशत तक किया गया है। अब तक 21 लाख क्यूबिक पत्थर लग चुके हैं । हमने किसी विदेशी कंसल्टेंट की मदद नहीं ली है। राम मंदिर स्वतंत्र भारत की अद्भुत इंजीनियरिंग की रचना है।

## श्री राममंदिर की नवीन तस्वीर



**अयोध्या(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में प्रभु रामलला के उनके नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। तीन फेज में मंदिर का निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा कराया जाएगा। इससे पहले प्रथम चरण के मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद 22 जनवरी को प्रभु रामलला को उनके भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान कर दिया जाएगा। इसके लिए तैयारियों को पूरा कराया जा रहा है। मंदिर निर्माण कार्य करा रही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट 22 जनवरी से पहले सभी व्यवस्था को दुरुस्त करने की योजना पर काम कर रहा है। मंदिर के गर्भगृह में रामलला के लिए एक भव्य सिंहासन बनाया गया है।

### कांग्रेस विधायक सुनील विधानसभा से अयोग्य

**मुंबई(भाषा)।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील केदार को नागपुर जिला केन्द्रीय सहकारिता बैंक (एनडीसीसीबी) में धन के दुरुपयोग के मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद राज्य विधानसभा की उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है। राज्य विधानमंडल सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी एक आदेश में कहा गया कि पांच बार के विधायक केदार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ई) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा आठ के प्रावधानों के तहत 22 दिसंबर को दोषसिद्धि की तारीख से विधायक के रूप में अयोग्य हैं। नागपुर में मजिस्ट्रेट की एक अदालत ने शुक्रवार को एनडीसीसीबी से संबंधित धन के दुरुपयोग के मामले में केदार और पांच अन्य को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

धन के दुरुपयोग के मामले में पांच साल कारावास की सजा

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों में दावा

# बीते पांच सालों में 140 निजी विश्वविद्यालय खोले गए, गुजरात में सबसे ज्यादा 28 खुले

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

देश में पिछले पांच सालों में कुल 140 निजी विश्वविद्यालय खोले गए हैं। सबसे ज्यादा निजी विश्वविद्यालय गुजरात में खोल गए तथा उसके बाद इस संबंध में महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश का स्थान आता है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। 'इन आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों के दौरान गुजरात में 28 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जबकि महाराष्ट्र में 15 विश्वविद्यालय खोले गए । इस अवधि के दौरान मध्य प्रदेश और कर्नाटक में क्रमशः 14 और 10 निजी विश्वविद्यालयों को स्थापित किया गया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निजी विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधित राज्य विधानमंडल द्वारा पारित अधिनियम और संबंधित राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना से की जाती है।"

### हरियाणा समेत सात अन्य प्रदेशों में सिर्फ चार खुले



उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से (संबंधित राज्य के) उस अधिनियम और अधिसूचना की प्रतियां मिलने पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम 1956 की धारा 2 (एफ) के अनुसार, यूजीसी विश्वविद्यालयों की सूची में निजी विवि का नाम शामिल करता है।" अधिकारी ने कहा कि ऐसे निजी विश्वविद्यालयों को यूजीसी की विशिष्ट मंजूरी के बिना सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि लेकिन व्यावसायिक और चिकित्सा पाठ्यक्रम संचालित करने की मंजूरी संबंधित नियामक या वैधानिक निकायों की ओर से दी जाती है। ऐसे पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग और भारतीय दंत चिकित्सा परिषद जैसे संबंधित निकायों के नियमों के तहत आते हैं।" पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में सात निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए, जबकि झारखंड और राजस्थान में इस अवधि के दौरान छह-छह निजी विश्वविद्यालय खोल गए हैं। बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड और तेलंगाना में पांच-पांच निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, ओडिशा, तमिलनाडु, सिक्किम और उत्तर प्रदेश में चार-चार निजी विश्वविद्यालय खोले गए। यूजीसी नियमित रूप से संस्थानों और विश्वविद्यालयों से संवाद करता है और सुनिश्चित करता है कि वे नियमों का पालन करें। यूजीसी ने सूचित किया है कि इन संस्थानों के खिलाफ अब तक उसे किसी नियम के बड़े पैमाने पर उल्लंघन की जानकारी नहीं मिली है। पांच वर्षों के दौरान शैक्षणिक सत्र 2018-19 में सबसे अधिक 40 निजी विवि स्थापित किए गए, जबकि 2021-22 शैक्षणिक सत्र के दौरान 34 निजी विश्वविद्यालय खोल गए।

# तमाम अपमान, अनादर सहने के बावजूद सेवा के रास्ते से नहीं हटना चाहिए: धनखड़

## उपराष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को खुद को "पीड़ित" बताते हुए कहा कि तमाम अपमान सहने के बावजूद किसी को सेवा के रास्ते से कभी नहीं हटना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी दूसरों के दृष्टिकोण को जगह देनी चाहिए लेकिन जब दूसरों को उनके रास्ते से हटाने के इरादे से विचार प्रस्तुत किए जाते हैं तो लोगों को अपनी "रीढ़ की ताकत" दिखानी चाहिए।

यहां भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि वह उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति हैं, लेकिन लोग 'मुझे भी नहीं छोड़ते।' उन्होंने कहा, "क्या मुझे अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए? नहीं। क्या इससे रास्ता भटक जाना चाहिए? नहीं। उपराष्ट्रपति की टिप्पणी संसद के हाल में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में व्यवधान और राज्यसभा से विपक्षी सदस्यों के बड़े पैमाने पर निलंबन की पृष्ठभूमि में आई है।

### उत्तर प्रदेश आदर्शों का आदर्श है: उपराष्ट्रपति धनखड़



उपराष्ट्रपति जगदीप ने ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विवि के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

**नोएडा (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने निवेश, कानून और व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश में हो रहे आमूल चूल बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार को प्रशंसा की। ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जिस तरह से विकास और औद्योगिक विकास के प्रति कार्य किया है उससे उत्तर प्रदेश 'आदर्शों का आदर्श' बनने की स्थिति में पहुंचा गया है। उन्होंने कहा कि जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो मैं आश्चर्यचकित रह गया क्योंकि कानून व्यवस्था और विकास दोनों ही राज्य के लिए चिंता की बड़ी बात नहीं थी।" उन्होंने कहा कि तब लोगों में निराशा थी क्योंकि सत्ता में बैठे लोग मुद्दों पर विचार करने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन अब एक बड़े बदलाव के साथ उत्तर प्रदेश ₹आदर्श" बन गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, ₹देश की बात छोड़िए दुनिया में कोई बात होती है 'रोल मॉडल' की तो मुख्यमंत्री को याद किया जाता है।" धनखड़ ने कहा कि उप्र ने निवेश प्राप्त करने में भी अपनी पहचान बनाई है। आदित्यनाथ, राज्य के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, ब्रिजेश सिंह और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में धनखड़ ने कहा, ₹यह प्रीमियम श्रेणी में भी निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है।



## पीएम मोदी ने कार्यक्रम की सराहना की

# यह सामाजिक सद्भाव और देश के विकास में भरेगा ऊर्जा

### कोलकाता के परेड ग्राउंड में 'लोक्खो कंठे' में करीब एक लाख लोगों का गीतापाठ का आयोजन

एजेंसी ⏭ कोलकाता

यहां के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को 'लोक्खो कंठे' कार्यक्रम में एक लाख लोगों द्वारा गीता का पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस कदम को सराहनीय बताया।

गीता पाठ करने 'लोक्खो कंठे' गीतापाठ समिति, सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। भगवद गीता के छंदों का पाठ एक लाख लोगों के द्वारा एक साथ किया जाएगा। पीएम ने कोलकाता के परेड ग्राउंड में आयोजित 'लोक्खो कंठे गीता पाठ पर खुशी जाहिर की।

**सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देती है गीताः** पीएम ने कहा गीता हमारी सांस्कृतिक विरासत परंपराओं, गहन ज्ञान और दार्शनिक आध्यात्मिक ज्ञान का एक मिश्रण है, जिसमें सबको साथ लेकर चलने,सांस्कृतिक विविधता और सद्भाव अंतर्निहित है। स्वतंत्रता आंदोलन और अभी तक गीता एक सार्थक जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित करती है।

गीतापाठ समिति, सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद शामिल



### आधुनिक समय में भी गीता का ज्ञान प्रासंगिक

पीएम ने कहा गीता जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रेरक के रूप में भी कार्य करती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा,गीता द्वारा बताए मार्ग भारतीय विचार और संस्कृति के लिए सर्वोत्कृष्ट है। चाहे वह ज्ञान, भक्ति, कर्म या कोई अन्य मार्ग हो, गीता प्रगति प्राप्त करने कई अलग-अलग लेकिन अंततः जुड़े हुए मार्ग प्रदान करती है। दुनिया की वास्तविक प्रकृति, स्वयं और संपूर्ण ब्रह्मांड में अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। इससे सामाजिक सद्भाव बढ़ता है।



**पीएम ने खास संदेश भेजकर तारीफ की**

बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि 'भगवद गीता दुनिया को भारत का सबसे बड़ा तोहफा है। जो इस कार्यक्रम का मजाक बना रहे हैं, वे सम्मान नहीं करते। पीएम ने खास संदेश देकर तारीफ की है।

**300 से अधिक संत कार्यक्रम में शामिल**

कार्यक्रम में हिस्सा लेने दुनियाभर से 300 से अधिक संत पहुंचे। कार्यक्रम में लोगों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किया था।

## खबर संक्षेप

### ट्रूडो की शह पर संगठित अपराधों का गढ़ कनाडा



**टोरंटो।** कनाडा में लिबरल विचारधारा की सरकार है। इस विचारधारा ने कनाडा को बर्बाद करने की कसम खा ली है। पीएम ट्रूडो के कार्यकाल में कनाडा ने अशांति की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सीआईएससी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, कनाडा में कम से कम 3,000 गिरोह काम कर रहे हैं।

### फ्रांस में रोके गए विमान के 303 यात्रियों को जाने की अनुमति मिली

**पेरिस (भाषा)।** फ्रांसीसी अधिकारियों ने 'मानव तस्करी' के संदेह में पेरिस के पास हवाई अड्डे पर तीन दिन से रोका गया विमान सोमवार को उड़ान भर सकेगा। विमान में 303 यात्री सवार हैं जिनमें अधिकतर भारतीय हैं। फ्रांसीसी समाचार ने बताया कि विमान को जाने की अनुमति देने के बाद फ्रांसीसी न्यायाधीशों ने प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण 300 से अधिक यात्रियों को रोके जाने के मामले की सुनवाई रोक दी।

### भारतीय जहाज पर ईरान की ओर से ड्रोन हमले किए गए : पेंटागन

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि शनिवार को अरब सागर में भारत के पश्चिमी तट पर एक मालवाहक जहाज पर हुआ ड्रोन हमला ईरान ने किया था। इस हमले की जांच भारतीय नौसेना ने शुरू कर दी है। इस वाणिज्यिक जहाज के सोमवार को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। नौसेना ने कहा कि वाणिज्यिक जहाज में मौजूद चालक दल में 21 भारतीय सदस्य हैं।

### ताइवान सीमा में घुसे 8 चीनी फाइटर जेट्स



**ताइपे।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन के विमानों ने उनके हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। चीन के करीब 8 फाइटर जेट्स ताइवान की सीमा में घुस गए हैं। चीन के विमानों के साथ ही चीनी गुब्बारा भी ताइवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बता दें कि चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है।

### उद्यमियों के सवाल के जबाव में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# दोहरी नागरिकता देने में कई आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां...बहस बरकरार

*विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बताया कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने में कई प्रकार की आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस पर अभी भी बहस जारी है।*

एजेंसी ⏭ चेन्नई

भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा चेन्नई में आयोजित टेकप्राइड 2023 सम्मेलन में उद्यमियों से बातचीत के दौरान दोहरी नागरिकता के सवाल के एक जबाव में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बताया कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने में कई प्रकार की आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस पर अभी भी बहस जारी है। ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) अभियान इसी मांग को पूरा करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।

**खास बातें**

- भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा चेन्नई में आयोजित टेकप्राइड 2023 सम्मेलन
- ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया अभियान चलाया जा रहा है

» दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनो देशों में काम करने की अनुमति भी

» कानूनी अधिकारों को प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान

» कुछ देशों में दोहरे नागरिक के रूप में कुछ प्रतिबंध भी



### भारत में दोहरी नागरिकता

भारतीय संविधान भारतीय नागरिकों को एक साथ दूसरे देश की नागरिकता रखने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, भारत सरकार ने भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को ओसीआई कार्यक्रम चलाती है, जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के अलावा अन्य देशों में चले रह रहें हैं। एक ओसीआई कार्डधारक भारत में बहुउद्देश्यीय और बहु-प्रवेश का लाभ उठा सकता है। उन्हें भारत आने के लिए आजीवन वीजा सुविधा भी प्रदान है,और कुछ शर्तों को पूरा करने पर भारतीय नागरिक बनने का विशिष्ट अधिकार भी प्राप्त है। ओसीआई कार्डधारकों को भारत में मतदान का अधिकार नहीं है और न ही उन्हें देश में किसी विधायी या संवैधानिक पद के लिए चुनाव लड़ने का अधिकार है।

### निखिल गुप्ता का यूएस प्रत्यर्पण नहीं रोक सकते...



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। निखिल गुप्ता के कानूनी सलाहकार पेट्र स्लेपिका ने बताया कि निखिल गुप्ता वो शख्स नहीं है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब पैसे का आदान-प्रदान हुआ था तब निखिल अमेरिका में नहीं थे। इतना ही नहीं, पेट्र स्लेपिका ने कहा कि निखिल गुप्ता को निश्चित रूप से अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। क्योंकि दोनों देशों के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। भारत और अमेरिका संधि पार्टनर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इस मामले में भारतीय मिशन ज्यादा मदद नहीं कर रहा है। वे इसके लिए आगे भी नहीं आ रहे हैं। साथ ही कहा कि सिर्फ एक अमेरिकी एजेंट का बयान ही उपलब्ध है। पेट्र स्लेपिका ने कहा कि निखिल गुप्ता को अमेरिका में प्रत्यर्पित नहीं किए जाने का कोई रास्ता नहीं है। प्रत्यर्पण रोकने के लिए इस मामले में सिर्फ राजनीतिक हस्तक्षेप ही हो सकता है। साथ ही कहा कि परिवार मेरे माध्यम से निखिल गुप्ता के संपर्क में है।

### क्या है दोहरी या एकाधिक नागरिकता ?

दोहरी या एकाधिक नागरिकता एक ही समय में दो या दो से अधिक राष्ट्रीयताओं वाले व्यक्ति को कानूनी दर्जा प्रदान करती है। दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनों देशों के राजनीतिक कार्यों में भाग लेने और यात्रा करने के लिए वीजा से छूट प्रदान करती है। इसके साथ ही दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनो देशों में काम करने की अनुमति भी होती है। उन्हें दोनों देशों के पासपोर्ट भी रखने की तथा अन्य नागरिकों के समान सामाजिक और कानूनी अधिकारों को प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। कुछ देशों में दोहरे नागरिक के रूप में प्राप्त अधिकारों में कुछ प्रतिबंध भी हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, फ़िनलैंड, अल्बानिया, इज़राइल और पाकिस्तान जैसे देश दोहरी नागरिकता प्रदान करते हैं, हालाँकि, इस योजना पर उनके संबंधित कानून हैं, बशर्ते दोनों देश दोहरी राष्ट्रीयता रखने की अनुमति दें।

### पूर्व एम्स निदेशक डॉ. गुलेरिया ने कहा

# नया वैरिएंट जेएन.1 ज्यादा खतरनाक और संक्रामक

### सभी वायरस को कवर करने वाली वैक्सीन जरूरी



**नई दिल्ली।** कोरोना ने एक बार फिर से दुनियाभर में दहशत पैदा कर दी है। लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों से लोगों की चिंता बढ़ गई है। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट जेएन .1 ने दस्तक दी है, जिसके मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत में सबसे ज्यादा बुरा हाल केरल का है, जहां सबसे ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। कोविड-19 के नए वैरिएंट जेएन.1 पर एम्स के पूर्व निदेशक और वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रणदीप गुलेरिया का बयान सामने आया है। हमें एक ऐसी वैक्सीन की जरूरत है, जो कोरोना वायरस के सभी वैरिएंट को कवर करे। यह ओमीक्रॉन का ही अंश है और शी से उत्पन्न हुआ है। ऐसे में जो टीका ओमीक्रॉन के लिए बनाया गया था वह नए वैरिएंट 1 के लिए भी प्रभावी होगा।

**इसमें संक्रमित करने की क्षमता काफी ज्यादा**

डॉ. गुलेरिया ने कहा कि पहले हुए टीकाकरण से लोगों को सुरक्षा मिली है, ऐसे में हमें ये तय करना होगा कि क्या हमें नए टीके की जरूरत है, जो मौजूदा समय में फैल रहे वायरस को कवर कर उसे रोक सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वैरिएंट के रूप बदलते रहेंगे। इससे पहले डॉ. गुलेरिया ने कहा था कि जेएन.1 वैरिएंट को लेकर बताया था कि जेएन.1 में संक्रमित करने की क्षमता काफी ज्यादा है, साथ ही ये और भी नए संक्रमण को पैदा कर रहा है।




### 13 लोगों की दर्दनाक मौत

## चीनी स्वामित्व वाली इंडोनेशियाई भट्टी में हुआ भयंकर विस्फोट

एजेंसी ⏭ जकार्ता

इंडोनेशिया में चीन के स्वामित्व वाली एक भट्टी में भीषण विस्फोट हो जाने से 13 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र में रविवार को एक धातु गलाने वाली भट्टी में हुआ। भीषण विस्फोट के बाद कम से कम 13 कर्मियों की इस दौरान मौत हो गयी। कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस और कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। चीन के महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के नाम से जाना जाता है।

**विस्फोट स्थल के पास की इमारतें क्षतिग्रस्त**



यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने भट्टी को ध्वस्त कर दिया और संयंत्र की इमारत की बगल की दीवारों के कुछ हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 38 श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। नुगरोहो ने कहा कि अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या कंपनी की लापरवाही के कारण यह मौतें हुईं।

### 50 सालों के लिए लीज पर डील

## आर्थिक तंगीः गिलगित-बाल्टिस्तान को चीन के हाथों बेचेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद(एजंसी)।** पाकिस्तान ने गिलगित-बाल्टिस्तान को 50 साल के लिए सौंपने के लिए चीन के साथ एक नई डील की योजना बनाई है। इसका कारण देश की खराब आर्थिक स्थिति और अमेरिका के साथ तनाव है। हालांकि, पाकिस्तान की मौजूदा कार्यवाहक सरकार के कार्यवाहक संघीय सूचना, प्रसारण और संसदीय मामलों के मंत्री मुर्तजा ने इस समझौते से इनकार किया है। दूसरी ओर, उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान प्रांत और चीनी प्रांत गांसु ने 9 दिसंबर 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी कर लिए हैं। इस समझौता ज्ञापन में स्थानीय किसानों को विभिन्न फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने के लिए उच्च-पर्वतीय कृषि टेक्नोलॉजी और मशीनरी को पहाड़ी क्षेत्र में ट्रांसफर करने के लिए कहा गया है।

**पीओके का हिस्सा कैसे सौंप सकता?**

गिलगित-बाल्टिस्तान आधिकारिक तौर पर पाक का हिस्सा नहीं है, बल्कि, ये विवादित कश्मीर के उस हिस्से का हिस्सा है, जिस पर पाक ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। यह क्षेत्र पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला एकमात्र जमीनी लिंक है और 65 अरब अमेरिकी डॉलर के चीन-पाक आर्थिक गलियारे बुनियादी ढांचे के विकास योजना के केंद्र में है। अब कर्ज में डूबा पाकिस्तान, पुराने कर्ज को चुकाने के लिए नये कर्ज की तलाश कर रहा है।




### देशभर के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की पड़ रही सर्दी

# गुलमर्ग में तापमान माइनस 1.5 डिग्री, हिमाचल में बर्फबारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देशभर के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में न्यूनतम तापमान 6 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। अगले दो-तीन दिन तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। कई राज्यों में घने कोहरे से विजिबिलिटी कम हो गई है। तमिलनाडु के नीलगिरी में तापमान 0 सेल्सियस पहुंच गया। इससे सड़कों पर बर्फ जम गई। मौसम विभाग ने तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में अगले 5 दिन तक हल्की बारिश की आशंका जताई है।



**उप्र में शीतलहर बढ़ाएगी ठिठुरन, कई ट्रेनें लेट**

*उत्तर प्रदेश के कई शहर भीषण ठंड और कोहरे की चपेट में है। रविवार (24 दिसंबर) की सुबह लखनऊ, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी और प्रयागराज में घना कोहरा छाया रहा। वाराणसी में विजिबिलिटी घटकर 200 मीटर पहुंच गई, जबकि आगरा-दिल्ली हाईवे पर विजिबिलिटी 20 मीटर तक पहुंच गई। घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें तय समय से देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने बताया कि यूपी में दो दिन बाद तापमान में गिरावट होगी। इससे कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।*

**राजस्थानः घने कोहरे से तीन सड़क हादसे हुए**

राजस्थान में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दौसा में तीन सड़क हादसे हो गए। इनमें कुल 6 लोग घायल हुए हैं। वहीं, सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 4.2 सेल्सियस रहा। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर तीन सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। घने कोहरे के कारण पहला हादसा सिकंदरा थाना इलाके में डाबर की ढाणी के पास हुआ। जयपुर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, जोधपुर, बीकानेर और सीकर जैसे इलाकों में विजिबिलिटी 200 से 400 मीटर रही।

**अगले 24 घंटे में ओलावृष्टि की संभावना**

आईएमडी के मुताबिक 24 दिसंबर को असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा और मिजोरम में आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका है। पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहेगा। 25 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में घना कोहरा छाया रहेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25